सुप्रभात
रांची, रविवार
26.03.2023
नगर संस्करण । पेज : 12

धरती आबा की ऊर्जावान भूमि से प्रकाशित लोकप्रिय दैनिक
# खबर मन्त्र
सबकी बात सबके साथ

epaper.khabarmantra.net चैत्र, कृष्ण पक्ष, पंचमी, संवत 2080 मूल्य : ₹ 3 । वर्ष : 10 । अंक : 250 12



कार्तिक आर्यन के फैन हुए धर्मेंद्र

# वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत को दोहरा गोल्ड

## 48 किलो वेट कैटेगरी में नीतू घंघस और 81 किलो वर्ग में स्वीटी बूरा बनी वर्ल्ड चैंपियन

- स्टार महिला बॉक्सर नीतू घंघस ने रचा इतिहास
- जीता गोल्ड, पहली बार में बनी वर्ल्ड चैंपियन

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** आइबीए महिला वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप में भारत की स्टार महिला बॉक्सर नीतू घंघस ने कमाल कर दिया। भारत के लिए 48 किलोग्राम वर्ग में गोल्ड जीत कर वर्ल्ड चैंपियन बन कर इतिहास रच दिया है। शनिवार को फाइनल मुकाबले में उन्होंने मंगोलिया की खिलाड़ी लुतासीखान अल्तनसेटेग को एकतरफा मुकाबले में 5-0 से हराकर गोल्ड मेडल पर अपना कब्जा जमा लिया है। नीतू अब बॉक्सिंग की वर्ल्ड चैंपियन बन गयीं।



### भारत के नाम हुआ 12वां गोल्ड

नीतू घंघस और स्वीटी बूरा के गोल्ड के साथ वर्ल्ड बॉक्सिंग चैंपियनशिप के इतिहास में यह भारत के लिए 12वां गोल्ड मेडल था। इनसे पहले भारत की पूर्व दिग्गज बॉक्सर मैरी कॉम ने 6 बार गोल्ड मेडल अपने नाम किया था। मैरीकॉम के अलावा सरिता देवी ने 1, जेनी आरएल ने 1, लेखा केसी ने 1 और निकहत जरीन ने 1 गोल्ड मेडल अपने नाम किया है। नीतू के लिए यह जीत इसलिए भी खास रही क्योंकि उनका यह ऐतिहासिक मुकाबला देखने खुद भारत के स्टार बॉक्सर विजेंदर सिंह आये थे। नीतू के जीत के बाद विजेंदर भी जश्न में जमकर झूमते हुए नजर आये। नीतू और बूरा की जीत के बाद पूरे देश में जश्न का माहौल है।

**एकतरफा जीतीं :** भारतीय स्टार नीतू सेमीफाइनल मुकाबले में कजाकिस्तान की अलुआ बल्किबेकोवा को 5-2 से हराकर फाइनल में गयी थीं। मगर फाइनल तो उन्होंने एकतरफा अंदाज में ही जीत लिया। फाइनल के पहले राउंड के शुरुआत में मंगोलिया की मुक्केबाज ने नीतू पर दबाव बनाने की कोशिश की, मगर भारतीय मुक्केबाज ने भी अपने पंच का दिखाया और वापसी करने में ज्यादा देर नहीं लगायी। नीतू ने विपक्षी मुक्केबाज को गलती करने पर मजबूर किया। दूसरे राउंड में दोनों के बीच बराबर की टक्कर दिखी, मगर नीतू मंगोलिया की मुक्केबाज से एक कदम आगे ही थी। मंगोलिया की मुक्केबाज ने नीतू को मुकाबले से बाहर करने की लगातार कोशिश की, मगर भारतीय मुक्केबाज ने हार नहीं मानी। तीसरा राउंड काफी करीबी रहा। अंततः 5-0 से नीतू ने शानदार जीत दर्ज की।

### स्वीटी ने चीन की वांग लिना को हरा कर जीता गोल्ड

**नयी दिल्ली।** भारतीय मुक्केबाजों के लिए शनिवार स्वर्णिम दिन रहा। युवा मुक्केबाज नीतू घंघस के स्वर्ण जीतने के कुछ ही देर बाद भारत की स्वीटी बूरा ने महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप के 81 किलो वर्ग में गोल्ड मेडल जीत लिया है। स्वीटी चीन की वांग लिना को 3-2 से मात देकर विश्व चैंपियन बन गयीं। अनुभवी मुक्केबाज स्वीटी ने चीन की वांग लिना को हराकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। भारत की 2 अन्य मुक्केबाज निकहत जरीन और लवलीना बोरगोहेन का रविवार को फाइनल मैच खेला जायेगा। अब ये दिलचस्प होगा कि ये दोनों स्टार मुक्केबाज स्वर्ण पदक जीतने में कामयाब हो पाती हैं या नहीं।

मुक्केबाज स्वीटी बूरा महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2014 में स्वर्ण पदक जीतने के करीब पहुंची थी लेकिन जीत हासिल नहीं कर पायी थी।



हरियाणा की इस मुक्केबाज ने महिला विश्व मुक्केबाजी चैंपियनशिप 2023 के अपने सेमीफाइनल मैच में 4-3 से जीत दर्ज की थी। अब स्वीटी बूरा 81 किलो वर्ग में विश्व चैंपियन बन गयी हैं।

# टीएसपीसी के पांच नक्सली गिरफ्तार

- ग्राम कंडा में ईट भट्ठा में लगे तीन ट्रैक्टर जलाने की घटना का पुलिस ने किया उद्भेदन
- नक्सली पर्चा, मोटरसाइकिल, मोबाइल बरामद
- ट्रैक्टर जलाने की घटना में शामिल थे पांचों नक्सली : एसपी चंदन सिन्हा

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला के ग्राम कंडा स्थित सत्यानंद मेहता के ईंट भट्ठा में लगे तीन ट्रैक्टर को टीएसपीसी नक्सली संगठन ने 20 मार्च की रात्रि में लेवी वसूलने के कारण आग लगाकर जला दी थी। इस घटना का पुलिस ने उद्भेदन किया। पुलिस अधीक्षक चंदन कुमार सिन्हा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि अगलगी की घटना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस अधीक्षक अभियान ऋषभ गर्ग एवं बिश्रामपुर एसडीपीओ सुरजीत कुमार के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया। पुलिस लगातार संभावित स्थानों पर छापामारी कर रही थी। जिसके बाद पांचों नक्सलियों को गिरफ्तार किया जा सका। साथ ही 16 नक्सली पर्चा, बाइक और पांच मोबाइल भी बरामद हुआ। (शेष पेज 11 पर)

### दाहू यादव के पिता को इडी ने किया गिरफ्तार

**रांची।** इडी ने पंकज मिश्रा के करीबी दाहू यादव के पिता पशुपति यादव को गिरफ्तार कर लिया है। दाहू के फरार होने के बाद उसके परिजनों को आरोपी बनाया है। इडी ने साहिबगंज में 1000 करोड़ से अधिक की माइनिंग और मनी लाउंड्रिंग मामले की जांच कर रही है।

### तीन को पूजा के डिस्चार्ज पिटीशन पर फैसला

**रांची।** मनी लॉन्ड्रिंग केस की आरोपित निलंबित आइएएस अधिकारी पूजा सिंघल ईडी के विशेष न्यायाधीश प्रभात कुमार शर्मा की अदालत में सशरीर हाजिर हुईं। इस दौरान खूंटी मनरेगा घोटाला केस में उनके डिस्चार्ज पिटीशन पर बहस हुई। अदालत ने फैसले की तिथि तीन अप्रैल निर्धारित की है।

# मैं सावरकर नहीं गांधी हूं माफी नहीं मांगूंगा : राहुल

- हमेशा के लिए अयोग्य ठहरायें या जेल भेजें, लोकतंत्र बचाने की लड़ाई लड़ता रहूंगा
- कोई डरा नहीं सकता, मोदी व अडाणी पर सवाल पूछता रहूंगा

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने लोकसभा की सदस्यता से अयोग्य ठहराये जाने के एक दिन बाद शनिवार को



कहा कि उन्हें हमेशा के लिए अयोग्य ठहरा दिया जाये या फिर उन्हें जेल में ही क्यों न डाल दिया जाये, वह लोकतंत्र की लड़ाई लड़ते रहेंगे। सांसदी जाने के बाद गुस्से में दिखे राहुल गांधी ने कहा कि मैं सावरकर नहीं, गांधी हूं, गांधी माफी नहीं मांगता। भाजपा, अडाणी समूह से जुड़े सवालों से ध्यान भटकाने के लिए उन पर ओबीसी समुदाय के अपमान का आरोप लगा रही है। राहुल गांधी ने कहा, असली सवाल यह है कि अडाणी समूह में 20 हजार करोड़ रुपये का निवेश किया गया है, वो पैसा किसका है? राहुल शनिवार को पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। हिंदुस्तान का लोकतंत्र खतरे में है... राहुल ने इसी लाइन के साथ अपनी बात की शुरुआत की। इसके बाद उन्होंने सवाल किया- अडाणी और मोदी का रिश्ता क्या है?

(शेष पेज 11 पर)

# नक्सलियों के खिलाफ लड़ाई अंतिम पड़वा पर : अमित शाह

- सदा सतर्क सीआरपीएफ ने आदिवासियों तक पहुंचाया विकास

एजेंसी

**जगदलपुर।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने दो टूक कहा कि नक्सलियों के खिलाफ हमारी लड़ाई आखिरी पड़ाव पर है। नक्सली, आदिवासियों के विकास में रोड़ा हैं। अस्पताल, स्कूल, रोड समेत सभी विकास कार्य के आगे से रूकावट हटाने का काम सीआरपीएफ ने किया है। झारखंड के बूढ़ापहाड़, चक्रबंधा, पारसनाथ ट्राई जंक्शन पूरी तरह नक्सल मुक्त हो चुका है। सीआरपीएफ की वजह से नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास हो रहा है। पल-पल सजग रहकर जवानों ने जान जोखिम में डालकर आदिवासियों तक विकास पहुंचाया है। वामपंथी उग्रवाद की फंडिंग को रोकने के लिए एनआइए और इडी भी केस दर्ज कर कठोर कार्रवाई कर रहे हैं। मैं सीआरपीएफ के बहादुर जवानों को इसका श्रेय देता हूं। सीआरपीएफ ने स्थानीय पुलिस के साथ मिलकर अपने संगठन कौशल का परिचय दिया है। श्री शाह शनिवार को यहां सीआरपीएफ के 84वें स्थापना दिवस समारोह में जवानों को संबोधित कर रहे थे।

**स्वर्णिम इतिहास है सीआरपीएफ का :** उन्होंने कहा कि देश की आंतरिक सुरक्षा के इतिहास में सीआरपीएफ का अहम योगदान है। उन्होंने सभी जवानों को स्थापना दिवस की बधाई दी। कहा कि स्वर्णिम इतिहास रचते हुए 2249 जवान वीरगति को प्राप्त हुए। मैं सभी 2249 जवानों को श्रद्धांजलि देता हूं। अमित शाह ने कहा कि सीआरपीएफ की स्थापना के बाद पहली बार बस्तर में इस बल का फाउंडेशन डे मना रहे हैं। वामपंथी उग्रवाद के बढ़ते अभियान को समाप्त करते हुए 763 जवानों ने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया।

(शेष पेज 11 पर)

### झारखंड के कई इलाके नक्सलमुक्त



श्री शाह ने कहा कि पल-पल सजग रहकर सीआरपीएफ के जवानों ने जान जोखिम में डालकर आदिवासियों तक विकास पहुंचाया है। नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में विकास पहुंच रहा है। 2343 मोबाइल टावर लग चुके हैं। इन मोबाइल टावर को 4जी में कंवर्ट किया जा रहा है। लगातार एकलव्य स्कूल खुल रहे हैं। 1348 एटीएम खोले गये हैं। 47 आईटीआई खोले गये। लगातार स्किल डेवलपमेंट सेंटर खुल रहे हैं। ट्राइबल यूथ एक्शन प्रोग्राम के तहत 4 हजार ट्राइबल बच्चों को देश के अन्य हिस्सों में ले जाया जा रहा है, ताकि वे देश को बेहतर ढंग से समझ सकें।






# गांधी शिल्प मेले में होम डेकोर और हैंडीक्राफ्ट की धूम



गांधी शिल्प मेले में दीप प्रज्वलित करते श्री पुष्पराजन सहायक निदेशक वस्त्र मंत्रालय भारत सरकार साथ में छोटानागपुर क्राफ्ट डेवलपमेंट सोसाइटी रांची के सचिव श्री विभु चौधरी और सीईओ श्री अरिंदम चौधरी








सिरामिक और बोन चाईना से बने विभिन्न प्रकार के उत्पाद



लकड़ी के झुले की खरीददारी करते ग्राहक



पेंटिग को देखते ग्राहक




सेरामिक से बने झरने और मुर्तियां



मेले का लुत्फ उठाते खरीददार



मिकी माउस का आनंद लेते बच्चे




सहारनपुर में बने फर्नीचर और देखते ग्राहक




दिल्ली से आए व्यापारी पीतल और ढोकरा के उत्पाद के साथ

### चैत्र नवरात्र- पंचम स्कंदमाता



सिंहासनगता नित्यं,
पद्माश्रितकरद्वया।
शुभदास्तु सदा देवी,
स्कंदमाता यशस्विनी।।

नवरात्र के पांचवें दिन दुर्गाजी के पांचवें स्वरूप मां स्कंदमाता की पूजा-अर्चना की जाती है। स्कंद शिव और पार्वती के दूसरे और षडानन (छह मुख वाले) पुत्र कार्तिकेय का एक नाम है। स्कंद की मां होने के कारण ही इनका नाम स्कंदमाता पड़ा। माना जाता है कि मां दुर्गा का यह रूप अपने भक्तों की सभी मनोकामनाओं की पूर्ति करता है।



## न्यूज डायरी

### सीसीएल मैराथन में आज दौड़ेंगे 5714 लोग

**रांची।** सीसीएल की ओर आयोजित कोल इंडिया मैराथन 26 को होगा। इसमें 5714 लोग दौड़ेंगे। मैराथन में पुरुषों और महिलाओं के लिए चार श्रेणियों में दौड़ प्रतिस्पर्द्धा होगी। जिसमें 1035 महिला और 4679 पुरुष ने रजिस्ट्रेशन कराया है।

### अचानक बैरक सर्च के दौरान रो पड़ा अतीक

**अहमदाबाद।** गुजरात में गृह राज्य मंत्री हर्ष संघवी के साबरमती जेल के सरप्राइज विजिट के बाद शुक्रवार को पूरी रात ऑपरेशन जेल चला। इसी जेल में बंद अतीक अहमद को ऐसे ऑपरेशन के बारे में उम्मीद भी नहीं थी। रात में एकाएक चले सर्च ऑपरेशन में उसे जगाया गया। फिर तलाशी ली गयी। सूत्र बताते हैं, सर्च के दौरान अतीक के आंसू निकल आये।

### घर-घर जा फुलखोंसी कर दी सरहुल की बधाई

**रांची।** प्रकृति पर सरहुल पूजा और भव्य शोभा यात्रा के बाद शानिवार को गांव शहर में इस सरहुल महोत्सव का रंग सरना समुदाय के लोगों के परिवार में दिखा। शोभा यात्रा के दूसरे दिन लोगों ने फूलखोंसी के नाम पर अपने घरों में ही सरहुल पर्व का आनंद लिया। घर-घर जाकर सरई का फूल घरों के दरवाजे पर खोंसा और सरहुल की बधाइयां भी दी गयी।

### लातेहार में बाघ ने तीन ग्रामीणों को किया घायल

**लातेहार।** मनिका थाना क्षेत्र के कुमंडीह जंगल में शनिवार सुबह जोबला निवासी अरविंद उरांव (25) और धनपतिया देवी (35) सहित कुछ अन्य ग्रामीण जंगल में महुआ चुनने गये थे। इसी दौरान बाघ ने उन पर हमला कर दिया। लोगों की तेज आवाज सुनकर वह भाग गया।

### रिम्स में अमृत फार्मेसी स्टोर का उद्घाटन आज

**रांची।** राज्य के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता रविवार को रिम्स में दिल्ली के एम्स की तर्ज पर अमृत फार्मेसी स्टोर का उद्घाटन करेंगे। यहां से रिम्स के मरीजों को भारी डिस्काउंट पर जेनरिक और ब्रांडेड दवाएं मिलेंगी।

### गहना आभूषण

| | | |
|---|---|---|
| सोना (बिक्री) | : | 56,400 रु./10 ग्राम |
| चांदी | : | 72,500 रु./प्रति किलो |

## राहुल गांधी मामले के विरोध में महानगर यूथ कांग्रेस ने पीएम का पुतला फूंका

# भारत जोड़ो यात्रा से डर कर भाजपा ने राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता रद्द करायी

**कांग्रेस पार्टी 27 मार्च को लोकसभा के समक्ष विशाल प्रदर्शन करेगी। झारखंड से भी बड़ी संख्या में कांग्रेसी भाग लेने दिल्ली जायेंगे**



खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** महानगर युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष कुमार विक्की के नेतृत्व में शनिवार को युवा कांग्रेस के कार्यकर्त्ताओं ने हरमू चौक पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का पुतला फूंका। मौके पर कुमार विक्की ने कहा कि कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की सांसद की सदस्यता खत्म करना यह हाइपर एक्टिव डिसीजन है। कोर्ट मोदी के इशारे पर कार्य कर रही है। भारत जोड़ो यात्रा से डरकर भाजपा इस तरह के कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि सदस्यता समाप्त होना लोकतंत्र के लिए काला दिन है। देश अमृतकाल की ओर नहीं आपातकाल की ओर अग्रसर है। सदस्यता खत्म करवाना एवं चुनाव के लिए आयोग्य ठहराने वाली कार्रवाई से भाजपा का चेहरा साफ नजर आ गया है, जिसे जनता कभी स्वीकार नहीं करेगी। यह लोकतंत्र का अपमान है और तानाशाही के अंत की शुरूआत है। केंद्र सरकार ने देश की सभी एजेंसियों को विपक्ष के पीछे लगा दिया है ताकि विपक्ष की आवाज को दबाया जा सके।

प्रदेश कांग्रेस महासचिव अजय नाथ शाहदेव ने कहा कि कांग्रेस और राहुल गांधी, अपनी नहीं बल्कि देश की जनता और लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई लड़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता जाने के बाद यह लड़ाई रुकेगी नहीं बल्कि वर्तमान केंद्र सरकार को उखाड़ फेंकने तक जारी रहेगी।

युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि राहुल गांधी से सहमी मोदी सरकार ने लोकतंत्र की हत्या की है, जिसके खिलाफ कांग्रेस 27 मार्च को लोकसभा के समक्ष विशाल प्रदर्शन करेगी। इसमें झारखंड से भी बड़ी संख्या में कांग्रेसी कार्यकर्ता भाग लेने दिल्ली जायेंगे।

पुतला दहन कार्यक्रम में कांग्रेस संगठन प्रभारी रवीन्द्र सिंह, ओबीसी अध्यक्ष अभिलाष साहू, प्रदेश कांग्रेस के महासचिव अजयनाथ शाहदेव, अमरेन्द्र सिंह, राजेश सिन्हा सन्नी, कुलदीप रवि, प्रियंका सिसोदिया, सदाब खान, जामिल अख्तर, मोहम्मद एनयतुला, गौरव सिंह, अध्यक्ष रवि सिंह, अंकित सिंह राठौड़, हुसैन अंसारी, चांदनी, आशिक अंसारी, पवन कुमार, तालिब, साहिल आदि सैकड़ों कार्यकर्ता थे।

## कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति विभाग ने अंबेडकर प्रतिमा के समक्ष दिया धरना



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी अनुसूचित जाति विभाग के प्रदेश अध्यक्ष केदार पासवान के नेतृत्व में शनिवार को कांटाटोली में बाबासाहेब अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष धरना दिया। इस मौके पर केदार पासवान ने कहा कि भाजपाई लोकतंत्र की हत्या कर रहे हैं। राहुल गांधी की आवाज को दबाने का प्रयास किया जा रहा है। राहुल गांधी इससे डरनेवाले नहीं हैं। एक दवसीय धरना में एलडीएम राष्ट्रीय को-ऑर्डिनेटर वशिष्ठ लाल पासवान, कार्यालय प्रभारी रंजीत बाउरी, महानगर अध्यक्ष राजूराम, कार्यकारी अध्यक्ष बंटी दास, हर्ष कालिंदी, सुरेश कालिंदी, रतन राम, सुहेल राम, दीपू राम,आकाश कुमार, विजय, अमित, कृष्णा, विक्रांत, निर्मल कुमार आदि थे।

## 3400 हेक्टेयर में प्राकृतिक खेती के लिए मिले 54 लाख

### खेती के लिए 22 भाषाओं में तैयार हुआ ट्रेनिंग मटेरियल

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** केंद्र सरकार झारखंड में प्राकृतिक खेती को प्रोत्साहित कर रही है। इसी योजना के तहत मुख्य रूप से सभी सिंथेटिक, रासायनिक उपादानों के बहिष्कार पर जोर दिया जा रहा है। बायोमास, मल्चिंग, गाय के गोबर, और अन्य पौधे आधारित सामग्री पर जोर देने के साथ-साथ खेत में बायोमास रीसाइकलिंग को बढ़ावा देने का काम भी शुरू हुआ। बीपीकेपी के तहत 500 हेक्टेयर कलस्टर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा दिया जा रहा है। प्रति हेक्टेयर 3 वर्षों के लिए 12,200 रुपये की राशि भी प्रदान की जा रही है। इसका परिणाम यह रहा है कि अब तक 4 लाख हेक्टेयर क्षेत्र को बीपीकेपी के तहत लाया गया है।

लोकसभा में सांसद संजय सेठ ने प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने से संबंधित सवाल लोकसभा में रखा था। जानकारी मांगी थी कि भारत सरकार इस दिशा में क्या काम कर रही है। राज्यों को उसके लिए जारी की गई राशि के ब्यौरे की जानकारी भी मांगी थी। इसी पर केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर ने यह जानकारी दी है। केंद्रीय मंत्री के मुताबिक प्राकृतिक खेती को बढ़ावा मिले, इसके लिए सरकार ने बीपीकेपी की राशि कुल 8 राज्यों को जारी की है। इन 8 राज्यों को 409400 हेक्टेयर भूमि पर खेती के लिए 5599 लाख रुपये की राशि जारी की गई। इसमें झारखंड में 34100 हेक्टेयर भूमि पर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में काम चल रहा है। इसके लिए 54 लाख रुपये से अधिक की राशि जारी भी कर दी गई है। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के उद्देश्य से भारत सरकार अगले 4 वर्षों में 15000 क्लस्टर विकसित करके 7.5 लाख हेक्टेयर क्षेत्र पर प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने की दिशा में काम कर रही है। सरकार राष्ट्रीय कृषि विस्तार प्रबंधन संस्थान और राष्ट्रीय जैविक और प्राकृतिक खेती केंद्र के माध्यम से मास्टर प्रशिक्षकों, चैंपियन किसान और अभ्यास करने वाले किसानों को बड़े पैमाने पर प्राकृतिक खेती की तकनीक पर प्रशिक्षण दे रही है। इन संस्थाओं के माध्यम से अब तक 22 क्षेत्रीय भाषाओं पर अध्ययन सामग्री तैयार हुई है।

**खबर एक नजर में**

### रिम्स में अमृत फार्मेसी स्टोर का उद्घाटन आज

**रांची।** राज्य के सबसे बड़े हॉस्पिटल रिम्स में अमृत फामेर्सी स्टोर खोलने को लेकर एग्रीमेंट किया गया है। आज स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता इस फामेर्सी स्टोर का उद्घाटन करेंगे, जहां से रिम्स में इलाज कराने आने वाले मरीजों को भारी डिस्काउंट पर जेनरिक और ब्रांडेड दवाएं मिलेगी। इतना ही नहीं इंप्लांट, स्टेंट, नी रिप्लेसमेंट और हिप रिप्लेसमेंट भी सरकार द्वारा निर्धारित दर पर उपलब्ध होगा। रिम्स के पुराने इमरजेंसी के बगल में जन औषधि केंद्र से सटे जगह पर यह स्टोर बनकर तैयार है। मरीजों को ब्रांडेड दवाइयां लगभग 30 प्रतिशत छूट पर और जेनेरिक दवाएं एमआरपी से लगभग 70 से 80 प्रतिशत छूट के साथ उपलब्ध होगी।

### जमशेदपुर में धनवंतरी आयुष चिकित्सालय खुलेगा

**ब्रांडेड दवाओं पर 30 और जेनरिक दवाओं पर 80 प्रतिशत तक की मिलेगी छूट**

**रांची।** जमशेदपुर में धनवंतरी आयुष चिकित्सालय का निर्माण किया जाएगा। चिकित्सालय के भवन निर्माण की योजना के लिए चार करोड़ 99 लाख 99 हजार 800 रुपये आवंटित किया गया है। केंद्र प्रायोजित योजना, राष्ट्रीय आयुष मिशन एवं राज्य योजना निधि से चिकित्सालय का निर्माण किया जाएगा। वहीं, केंद्रांश 9 करोड़ और राज्यांश 6 करोड़ का आवंटन अलग से किया जाएगा। इस पूरी राशि के नियंत्री पदाधिकारी स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अरुण कुमार सिंह होंगे। विभाग द्वारा जारी निर्देश में उल्लेख किया गया है कि निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी संबंधित शीर्ष के अंतर्गत हुए खर्च का सत्यापन नियम अनुसार 3 माह में महालेखाकार से कराएंगे। खर्चे का प्रतिवेदन और सत्यापन की विवरणी विभाग को सौंपेंगे। इस आवंटित राशि के निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी सिविल सर्जन रांची डॉ विनोद कुमार होंगे।

### गिरिडीह के बर्खास्त मेयर सुनील कुमार पासवान के मामले में 12 अप्रैल को सुनवाई

**रांची।** गिरिडीह के बर्खास्त मेयर सुनील कुमार पासवान की ओर से उनके जाति प्रमाण पत्र को गलत बताते हुए रद्द करने के आदेश के खिलाफ दायर अपील की सुनवाई झारखंड हाईकोर्ट में हुई। मामले में अब 12 अप्रैल को कोर्ट इस केस के मेरिट पर सुनवाई करेगी। दरअसल, एकल पीठ ने इस संबंध में प्रार्थी सुनील कुमार पासवान की रिट याचिका को खारिज कर दिया था, जिसके पास बाद उनकी ओर से खंडपीठ में अपील दायर की गई है। बता दें कि अनुसूचित जाति के फर्जी प्रमाण पत्र पर चुनाव लड़ने का आरोप सही पाए जाने के बाद सुनील पासवान को मेयर पद के अयोग्य घोषित किया गया था। उल्लेखनीय है कि अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित गिरिडीह नगर निगम के मेयर पद पर सुनील कुमार पासवान का चयन वर्ष 2018 में हुआ था। उनके खिलाफ झामुमो कार्यकर्ता ने उनके जाति प्रमाण पत्र को संदिग्ध बताते हुए जांच की मांग की थी।


कार्यालय उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, पलामू (जिला भू–अर्जन शाखा)
Tel. No. ( Office) – E-mail ID –dlaopalamau@gmail.com

अतिअल्पकालीन–निविदा

जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में उपयोग हेतु आवश्यक सामग्रियों निविदा के माध्यम से क्रय की जानी है। सामग्रियों की आपूर्ति हेतु इच्छुक फर्मो से मुहरबन्द निविदा दिनांक 03.04.2023 के अपराहन् 01.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक आपूर्तिकर्त्ताओं को दो अलग–अलग मुहरबन्द लिफाफे में तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड सम्बन्धी कागजात अपराहन् 01.00 बजे तक जिला भू–अर्जन शाखा, पलामू में समर्पित करना होगा। फर्मो से प्राप्त निविदा को दिनांक 03.04.2023 को अपराहन् 04.00 बजे समाहरणालय पलामू (Block-A) के सभाकक्ष में निविदा –सह– क्रय समिति के समक्ष खोला जायगा।

निविदा से सम्बन्धित शर्तो, विस्तृत जानकारी तथा सामग्रियों की सूची एवं विशिष्टियों का अवलोकन जिला के वेबसाईट https://palamu.nic.in पर अथवा जिला भू–अर्जन कार्यालय, पलामू में किया जा सकता है।

PR.NO.293579 Palamu(22-23):D

ह0/– उपायुक्त, पलामू।



JAPIT
Jharkhand Agency for Promotion of Information Technology
(An Autonomous body under Department of Information Technology & e-Governance, Govt of Jharkhand)
Ground Floor, Engineer's Hostel – I, Near Golchakkar, Dhurwa, Ranchi, Jharkhand
Phone. 0651-2401044, 2401047 email: japit_doit@rediffmail.com

CORRIGENDUM-II

Selection of System Integrator for Upgradation, Operation and Maintenance of Jharkhand State Data Centre 2.0 (JHSDC 2.0)
Tender Ref No. JAPIT/JH-SDC2.0/01/2023

With reference to the above tender, it is hereby informed that the date has modified as under:


| S.N | Basic Requirement | Specific Requirement |
|---|---|---|
| 1. | Last Date for Submission of Bids online | 15/04/2023 up to 6:00 PM. |
| 2. | Last Date for Submission of Tender Fee, EMD and Technical Document offline | 18/04/2023 at 3:00 PM |
| 3. | Date of Opening of Technical Bid | 18/04/2023 at 3:30 PM |
| 4. | Date of Commercial Bid opening | To be Informed Later |


PR Ref No. 289890
CEO, JAP-IT
PR.NO.293539 Information Technology(22-23):D


## सीसीएल मैराथन में आज

**रांची।** सीसीएल की ओर से आयोजित मैराथन में आज 5714 लोग दौड़ेंगे। मैराथन में पुरूषों और महिलाओं के लिए चार श्रेणियों में दौड़ प्रतिस्पर्द्धा होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए 1035 महिला और 4679 पुरूष ने अपना रजिस्ट्रेशन कराया है। पूर्ण मैराथन के लिए 403 पुरूष और 53 महिला ने रजिस्ट्रेशन कराया है। हाफ मैराथन के लिए 492 पुरूष और 72 महिलाएं, 10 किलोमीटर दौड़ के लिए 1698 पुरूष और 307 महिला, जबकि 5 किलोमीटर के लिए 2086 पुरूष और 603 महिलाओं ने रजिस्ट्रेशन कराया है। फुल मैराथन के लिए प्रथम पुरूस्कार 3 लाख, द्वितीय 2 लाख रूपए, तीसरा 1 लाख रूपए, चौथा 60 हजार, पांचवा 40 हजार, छठा 30 हजार रूपए, सातवां 20 हजार रूपए है। हाफ मैराथन के लिए पहला 2 लाख रूपए, दूसरा 1 लाख रूपए, तीसरा 50 हजार रूपए, चौथा 40 हजार रूपए, पांचवा 30 हजार रूपए, छठा 20 हजार रूपए और सातवां पुरूस्कार 10 हजार रूपए है। 10 किलोमीटर के लिए पहला 1 लाख रूपए, दूसरा 70 हजार, तीसरा 50 हजार, चौथा 25 हजार, पांचवा 20 हजार, छठा 10 हजार और सातवें स्थान के लिए 10 हजार रूपए शामिल है।

## 27 मार्च को जमशेदपुर में आजसू पार्टी केंद्रीय समिति की होगी बैठक, 2024 चुनाव के लिए बनेगी रणनीति

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** 27 मार्च को जमशेदपुर में आजसू पार्टी के केंद्रीय समिति की एक बैठक होगी। इसमें अगले वर्ष होने वाले चुनाव को लेकर कई अहम फैसले भी लिये जाने की उम्मीद है। पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में पार्टी के केंद्रीय प्रवक्ता डॉ देव शरण भगत ने कहा कि गोल्डन लीफ रिसॉर्ट, पाराडीह काली मंदिर, जमशेदपुर में पार्टी के केंद्रीय समिति की बैठक पार्टी अध्यक्ष सुदेश महतो की अध्यक्षता में होनी है। इसमें राज्य के वर्तमान राजनीतिक हालात की समीक्षा होगी।

रामगढ़ उपचुनाव के बाद पार्टी में बढ़े ऊर्जा संचार और भावी योजनाओं पर भी चर्चा होनी है। संगठन को मजबूत करने के अलावे अगले वर्ष 2024 में होनेवाले चुनाव के लिए नए सिरे से इसकी तैयारी में लगने को लेकर कई अहम फैसले लेंगे। साथ ही इस बैठक में केंद्रीय महाधिवेशन के बैठक की घोषणा भी किए जाने की उम्मीद है।

समिति की बैठक में मुख्य रूप से केंद्रीय समिति के सभी सदस्य, आमंत्रित सदस्य, विधानसभा प्रभारी, जिला अध्यक्ष, कार्यकारी जिला अध्यक्ष एवं महासचिव के अलावे अन्य भी शामिल होंगे।

### कोर्ट के फैसले का हो सम्मान

राहुल गांधी प्रकरण पर मीडिया के सवालों पर देवशरण भगत ने कहा कि राजनीति में शीर्ष पदों पर बैठे व्यक्तियों, जनप्रतिनिधियों को सुचिता बनाए रखनी चाहिये। उम्मीद की जाती है कि वे सामाजिक रूप से ऐसी टिप्पणी ना करें जिससे किसी वर्ग, समाज की भावना आहत हो। जनप्रतिनिधियों के मामले में उनकी पार्टी के लोग भी कानून के दायरे में आए हैं। कोर्ट, संसद के निर्णय का सम्मान करना चाहिये। जो निर्णय आया है, वे वैधानिक हैं। इसे स्वीकार करना होगा। नियम, कानून, संविधान के दायरे में आम नागरिक और जनप्रतिनिधि भी आते हैं. ऐसे में इस मामले में राजनीतिकरण करने की बजाये इस फैसले को मानना होगा। वैसे भी कांग्रेस के बनाए कानून से ही राहुल गांधी की सदस्यता पर यह हालात उत्पन्न हुए हैं।

### भाजपा के हाथों लोकतंत्र और संविधान खतरे में : भुवनेश्वर

**रांची।** भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के वरिष्ट नेता सह हजारीबाग के पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता व भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राज्य सचिव महेंद्र पाठक ने प्रेस बयान जारी कर कहा है कि केंद्र का राहुल गांधी की सदस्यता समाप्त कराना और दो साल की सजा दिलाना यह साबित करता है कि केंद्र सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए हर हथकंडे अपना रही है। सरकार के खिलाफ खड़े होने वाले, उनके खिलाफ बोलने वाले, लिखने वाले सब उनके विरोधी खेमे में खड़े हैं। सब की आवाज को दबाने के लिए सीबीआई, ईडी, न्यायालय सभी को अपने व्यक्तिगत एजेंसी के रूप में इस्तेमाल कर रही है। देश में आपातकाल की स्थिति पैदा हो गई है। उन्हें जेल भेजने के लिए हर साजिश को कामयाब बनाने के लिए लगी हुई है। पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए नेताओं ने कहा कि केंद्र की मोदी सरकार के विरोध में पूरे देश में विपक्षी चट्टानी एकता के साथ सड़कों पर उतरना चाहिए। 2024 की लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र की सरकार विपक्षी खेमे को तोड़ने के लिए हर हथकंडे अपनाएगी। नेताओं ने कहा केंद्र कि मोदी सरकार के हाथ में देश की सुरक्षा, लोकतंत्र और संविधान दोनों खतरे में हैं।

## व्यवसायिक संघ टंडवा को मिली सम्बद्धता

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्यभर के व्यापारियों की फेडरेशन चैंबर से दूरी को कम करने के उद्देश्य से वर्तमान सत्र के आरंभ से ही झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स द्वारा नियमित रूप से राज्यस्तरीय दौरों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में शनिवार को अध्यक्ष किशोर मंत्री के नेतृत्व में चार सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल टंडवा के दौरे पर रवाना हुआ जहां अधिकारिक रूप से व्यवसायिक संघ टंडवा को झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स की सदस्यता से सम्बद्धता दिलाई गई।

चैंबर अध्यक्ष किशोर मंत्री ने सदस्यता प्रमाण पत्र, पहचान पत्र और लोगोयुक्त लेपल पिन लगाकर संघ के पदाधिकारियों का चैंबर की सदस्यता से जुड़ने के लिए आभार जताया। उन्होंने व्यवसायिक संघ टंडवा के सभी सदस्यों का उत्साहवर्द्धन कर संगठन विस्तार के लिए प्रेरित किया और जिले के सदस्यों की समस्याओं के समाधान हेतु हरसंभव सहयोग के लिए आश्वस्त किया। उन्होंने झारखण्ड चैंबर द्वारा अप्रैल माह में आयोजित किये जा रहे इंडिया इंटरनेशनल मेगा ट्रेड फेयर के आयोजन में भी जिले के व्यापारियों से सहभागिता की अपील की। व्यवसायिक संघ, टंडवा के गठन के द्वितीय वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में जिले के लगभग 200 व्यवसायी शामिल थे। मौके पर टंडवा व्यवसायिक संघ द्वारा अपने 252 सूचिबद्ध सदस्यों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। होल्डिंग टैक्स, भवन नियमितीकरण योजना के साथ ही कृषि शुल्क विधेयक पर किये गये प्रयासों के लिए उपस्थित व्यापारियों ने झारखण्ड चैंबर ऑफ कॉमर्स के प्रयासों की सराहना की। साथ ही जीएसटी की जटिलताओं के साथ ही स्थानीय स्तर पर व्यवसायियों के समक्ष हो रही समस्याओं से भी अवगत कराया। चैंबर अध्यक्ष ने इन समस्याओं के समाधान हेतु हरसंभव सहयोग के लिए आश्वस्त किया।

प्रतिनिधिमण्डल में किशोर मंत्री, अमित शर्मा, डॉ. अभिषेक रामाधीन और शैलेश अग्रवाल शाामिल थे। मौके पर व्यवसायिक संघ टंडवा के अध्यक्ष विकास गुप्ता, सचिव राजेंद्र गुप्ता, सुभाष गुप्ता, शंकर गुप्ता, चतरा चैंबर के अध्यक्ष जितेंद्र जैन, बिनोद केसरी, सिमरिया व्यवसायी संघ के अध्यक्ष पवन केसरी आदि व्यापारी थे।

## 10 व 11 अप्रैल को देश भर में कोरोना-इन्फ्लूएंजा को लेकर होगा मॉक ड्रिल

**कोरोना–इन्फ्लूएंजा के बढ़ते मामलों पर केंद्र सरकार अलर्ट, एडवाइजरी जारी**

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** देशभर में कोरोना के बढ़ते मामले को लेकर केंद्र सरकार अलर्ट है। कोरोना-इन्फ्लूएंजा को लेकर झारखंड समेत देश के सभी राज्यों में 10 और 11 अप्रैल को मॉक ड्रिल होगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय और आईसीएमआर ने राज्यों के लिए संयुक्त एडवाइजरी जारी की है। जारी एडवाइजरी के मुताबिक, फरवरी मध्य माह से केरला में 26.4%, महाराष्ट्र में 21.7%, गुजरात में 13.9%, कर्नाटक में 8.6% और तमिलनाडु में 6.3% कोरोना के मामले बढ़े हैं। हालांकि संक्रमण से अस्पताल में भर्ती होने वाले मरीज और मौत की संख्या बहुत कम है। इनफ्लूएंजा-एच1एन1 और एच3एन2 को भी लेकर सतर्क रहने की सलाह दी गई है। बताया जा रहा है कि पूरे देश भर में कोरोना के 8601 पॉजिटिव मरीज सामने आए हैं।

केंद्र द्वारा जारी एडवाइजरी के अनुसार झारखंड समेत देश के विभिन्न राज्यों में 10 और 11 अप्रैल को देशभर के सरकारी और प्राइवेट हॉस्पिटल में मॉक ड्रिल किया जाएगा। इस दौरान अस्पतालों की व्यवस्था, दवाओं की उपलब्धता, बेड, आईसीयू बेड मेडिकल इक्विपमेंट्स, मेडिकल ऑक्सीजन समेत मानव बल और वैक्सीनेशन कवरेज पर मॉक ड्रिल केंद्रीत रहेगा। इसे लेकर 27 मार्च को होने वाली वर्चुअल मीटिंग के दौरान मॉक ड्रिल के विषय में राज्यों को सटीक जानकारी दी जाएगी।

**कोविड प्रोटोकॉल का पालन करने की दी गयी सलाह :** आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ राजीव बहल और स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के सचिव राजेश भूषण के मुताबिक वैसे राज्य जहां कोविड के मामले बढ़े है उन्हें विशेष सावधानी बरतने का निर्देश दिया गया है। साथ ही पहले से जारी प्रोटोकॉल का पालन करने की सलाह दी गई है।

## झारखंड पुलिस मुख्यालय बना रही है सूची, जल्द करेगी कार्रवाई

# नक्सलियों के मददगारों पर अब चलेगा चाबुक!

**37 नक्सलियों पर की करोड़ों की संपत्ति हो चुकी है जब्त**

खबर मन्त्र ब्यूरो



**रांची।** राज्य में नक्सलियों-उग्रवादियों को अर्थतंत्र प्रदान करनेवाले मददगारों पर अब झारखंड पुलिस चाबुक चलाएगी। पुलिस मुख्यालय ने इसके लिए कमर कस ली है। पुलिस ने नक्सलियों को मदद पहुंचाने वाले लोगों की सूची भी तैयार कर रही है। तैयार सूची के आधार पर उन सभी पर शिकंजा कसा जाएगा। कहा गया है कि वैसे लोग जो नक्सलियों के अर्थतंत्र को मजबूती प्रदान करने में सहयोग कर रहे हैं, उनकी बकायदा लिस्टिंग कर उन पर कार्रवाई की योजना बनाना शुरू कर दिया गया है।

**37 नक्सलियों की करोड़ों की संपत्ति हो चुकी है जब्त :** राज्य और केंद्र सरकार की एजेंसियों ने नक्सलियों- उग्रवादियों के विरूद्व खौफ के बल पर बनाई गई चल-अचल संपत्तियों पर बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस की रिपोर्ट के मुताबिक, अबतक 37 नक्सलियों की संपत्ति जब्त की गई है।

**इन- इन संगठनों की जब्त हुई है संपत्ति :** पुलिस ने ईडी व एनआइए के सहयोग से भाकपा माओवादियों के 18 नक्सलियों की संपत्ति जब्त करने में सफलता पाई है। इनमें दो रिजनल कमांडर, एक जोनल कमांडर, एक एरिया कमांडर और छह नक्सल कैडर शामिल हैं। वहीं पीएलएफआई उग्रवादी संगठन के छह उग्रवादियों की संपित्त जब्त की गई है। इनमें एक जोनल कमांडर, तीन सब-जोनल कमांडर और एक सदस्य शामिल है। पुलिस मुख्यालय ने नक्सलियों की 89.53 एकड़ भूमि जब्त की है, जिसकी कीमत 83 लाख 62 हजार आठ सौ रूपए बताया गया है। नक्सलियों के करोड़ों के मकान को भी पुलिस जब्त कर लिया है। जब्ती में पुलिस ने नक्सलियों के पास से लाखों का सोना और कैश को बरामद करने में सफलता अर्जित की है।

> पुलिस नक्सलियों के अर्थतंत्र को तोड़ने का प्रयास कर रही है। पुलिस नक्सलियों के मददगारों पर शिकंजा कसेगी।
>
> **अमोल वेणुकांत होमकर**
> **आईजी ऑपरेशन सह पुलिस प्रवक्ता, झारखंड पुलिस**

### फ्लाइट में सिगरेट पीने की आरोपी ऐश्वर्या को सिविल कोर्ट से बेल

**रांची।** मुंबई से रांची आ रही फ्लाइट में सिगरेट पीने वाली युवती ऐश्वर्या राय को रांची सिविल कोर्ट से बेल मिल गई है। प्रधान न्याययुक्त ने जमानत याचिका पर सुनवाई के बाद उसे बेल दे दी है। कोर्ट ने दस-दस हजार के दो निजी मुचलकों पर बेल दी है। ऐश्वर्या की ओर से अधिवक्ता विक्रांत सिन्हा ने बहस की। ऐश्वर्या राय जमशेदपुर की है। 18 फरवरी को वह विमान के टॉयलेट में सिगरेट पी रही थी। इस दौरान वीडियो भी बना रही थी। विमान में धुएं की महक से विमान में उच्च तकनीक के लगे सेंसर से लाइट जलने लगी। विमान के चालक और क्रू-मेंबर्स में अफरा-तफरी मच गई। क्रू-मेंबर्स विमान के टॉयलेट के पास पहुंचे लेकिन दरवाजा अंदर से बंद था। इस पूरे प्रकरण के बाद रांची एयरपोर्ट थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। इसके बाद से ऐश्वर्या न्यायिक हिरासत में है।

# अवैध उत्खनन के आरोपी दाहू यादव के पिता हुए गिरफ्तार

खबर मन्त्र ब्यूरो

**रांची।** एक हजार करोड़ से अधिक मनी लांड्रिंग जांच के मामले में प्रर्वतन निदेशालय (ईडी) ने फरार चल रहे दाहू यादव के पिता पशुपति यादव को शनिवार को गिरफ्तार कर लिया। पशुपति यादव की गिरफ्तारी साहिबगंज से हुई। ईडी ने दाहू यादव के पिता पशुपति यादव और बेटे राहुल यादव को भी मनी लांड्रिंग का आरोपी बनाया है। दाहू यादव और उसके भाई सुनील यादव के खिलाफ भी ईडी ने कोर्ट से वारंट लिया था। गौरतलब हो कि दाहू यादव के ठिकानों पर पहली बार ईडी ने आठ जुलाई को छापेमारी की थी। 18 जुलाई, 2022 तक दाहू यादव को ईडी के समक्ष पूछताछ के लिए हाजिर होना था, लेकिन वह फरार हो गया।

**जेल में बंद पंकज मिश्रा का है करीबी** : दाहू यादव जेल में बंद पंकज मिश्रा का खास सहयोगी और करीबी है। जब ईडी ने मनी लांड्रिंग मामले की जांच शुरू की तो पता चला कि पंकज मिश्रा ने अवैध खनन व परिवहन उगाही के लिए दाहू यादव का इस्तेमाल किया था। आपराधिक छवि के दाहू यादव ने जलमार्ग के जरिए होनेवाले परिवहन पर कब्जा कर रखा था।

**मां की तबीयत खराब होने का बहाना बना हुआ था गायब** : आठ जुलाई को ईडी ने पंकज मिश्रा, दाहू यादव समेत कई लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। छापेमारी के बाद 12 से 18 जुलाई तक दाहू ईडी के समक्ष हाजिर हुआ था लेकिन बाद में अपनी मां की तबीयत खराब होने का हवाला देकर दाहू ने ईडी से वक्त मांगा था। इसके बाद वह अंडरग्राउंड हो गया है। ईडी ने दाहू यादव की तलाश में कई बार साहिबगंज में दबिश भी दी, लेकिन वह हाथ नहीं आया।

## एनआइए रिमांड पर नक्सली कमांडर

**रांची।** एनआईए ने कुख्यात नक्सली कमांडर अमन गंझू और जतरू खेरवार को रिमांड पर लिया है। अगले तीन दिन तक अमन और जतरू से एनआईए बुलबुल जंगल में आईईडी ब्लास्ट को लेकर पूछताछ करेगी। एनआईए की तरफ से दोनों ही कुख्यात नक्सलियों से पूछताछ के लिए 5 दिनों की रिमांड की अवधि की डिमांड की गई थी। हालांकि अदालत ने फिलहाल मात्र दो दिनों तक की ही रिमांड को मंजूर किया है। दोनों नक्सली कमांडर रांची के बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में बंद हैं। एनआईए ने नक्सली अमन और जतरू को बुलबुल जंगल में चल रहे नक्सल अभियान के दौरान हुए सीरीज विस्फोट को लेकर पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया है। उल्लेखनीय है कि झारखंड के लोहरदगा जिले के घोर नक्सल प्रभावित बिहार थाना क्षेत्र के बुलबुल जंगल में नक्सलियों के खिलाफ चल रहे अभियान के दौरान कई आईईडी ब्लास्ट हुए थे।

## दीवार गिरने से महिला की मौत

**रांची।** तुपुदाना के बसारगढ़ रोड नम्बर 3 में दीवार गिरने से 50 वर्षीय महिला कलावती देवी की मौत हो गई। पुलिस मौके पर पहुंच कर शव लेकर पोस्टमार्टम के लिए रिम्स भेज दिया।

सड़क दुर्घटना में मृतक के आश्रितों को एक लाख मिला क्षतिपूर्ति

# दुर्घटना और आपदा प्रभावित लोगों को मिलेगा मुआवजा, राशि स्वीकृत

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** विशिष्ट स्थानीय आपदा सड़क दुर्घटना से मृत व्यक्तियों के आश्रितों को क्षतिपूर्ति के लिए जिला प्रशासन की ओर से आवदेन अनुसार मुआवजा दिया जा रहा है। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने राज्य विशिष्ट स्थानीय आपदा सड़क दुर्घटना के तहत क्षतिपूर्ति मुआवजा अनुदान की स्वीकृति दी है। आवेदक मिंटु पासवान, पिता स्व. नवरत्न पासवान, ग्राम- शिव मंदिर, जगन्नाथपुर, थाना-धुर्वा, जिला-रांची की माता कुंती देवी की मृत्यु दिनांक 26.12.2021 को सड़क दुर्घटना में हो गयी। मृत व्यक्ति के आश्रित को 1,00,000 रुपए की क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि अनुदान स्वीकृति प्रदान की गई है। अंचल अधिकारी नगड़ी, उप समाहर्ता भूमि सुधार, सदर, रांची एवं अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, रांची की अनुशंसा के आलोक में मुआवजा राशि भुगतान की स्वीकृति उपायुक्त द्वारा प्रदान की गई है।

### सोनाहातु के राम प्रसाद हजाम को मिलेगा 95100 मुआवजा

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने प्राकृतिक आपदा (अग्निकाण्ड) से मकान क्षति के प्रभावितों को मुआवजा के लिए राशि भुगतान की स्वीकृति दी है। अंचल अधिकारी, सोनाहातु के प्रतिवेदन अनुसार प्राकृतिक आपदा (अग्निकाण्ड) से आवेदक राम प्रसाद हजाम निवासी दुलमी, सोनाहातु अंचल, जिला-रांची का कच्चा मकान दिनांक-26.12.2022 को पूर्ण रूप से जल गया था। मकान की पूर्ण क्षति का आकलन कर 95100 रुपए की दर से क्षतिपूर्ति की कुल राशि 95100 (पन्चानबे हजार एक सौ रुपए) मात्र अनुदान स्वीकृति प्रदान की गई। अंचल अधिकारी तमाड़, उप समाहर्ता भूमि सुधार, बुंडू, रांची एवं अनुमंडल पदाधिकारी, बुंडू रांची की अनुशंसा के आलोक में उपायुक्त द्वारा मुआवजा राशि भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### वज्रपात से मृत पशुओं के प्रभावितों को मिला क्षतिपूर्ति


**रांची।** प्राकृतिक आपदा (वज्रपात) से मृत पशुओं के प्रभावितों को क्षतिपूर्ति के लिए मुआवजा राशि का भुगतान किया जाएगा। उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने प्रभावितों को क्षतिपूर्ति हेतु सहायता राशि भुगतान की स्वीकृति दी है। रातू अंचल के आवेदक भीखा उरांव, पिता स्व० चुन्दा उरांव, ग्राम-चित्तरकोटा, छोटकाटोली, थाना-रातु जिला-रांची का दो बैल (मवेशी) की मृत्यु 01.06.2020 को वज्रपात से हो गयी थी, जिसकी क्षतिपूर्ति 50,000/- (पचास हजार) रुपए प्रदान किये गये।

अंचल अधिकारी रातू, उप समाहर्ता भूमि सुधार, सदर, रांची एवं अनुमंडल पदाधिकारी, सदर, रांची की अनुशंसा के आलोक में क्षतिपूर्ति मुआवजा राशि 50,000/- (पचास हजार) मात्र मुआवजा राशि भुगतान की स्वीकृति उपायुक्त द्वारा प्रदान की गई है।

### नामकुम अंचल के 13 प्रभावितों को मुआवजा भुगतान की स्वीकृति

**रांची।** उपायुक्त राहुल कुमार सिन्हा ने प्राकृतिक आपदा (अतिवृष्टि) से मकान क्षति के प्रभावितों को मुआवजा के लिए राशि भुगतान की स्वीकृति दी है। अंचल अधिकारी, नामकुम के प्रतिवेदन अनुसार प्राकृतिक आपदा (अतिवृष्टि) से आवेदक/ आवेदिका जेम्स सांगा एवं अन्य (कुल 13 प्रभावित व्यक्ति) सभी निवासी नामकुम अंचल, जिला-रांची को उनके मकान की प्रकृति के अनुरूप क्षति का आंकलन कर क्षतिपूर्ति राशि भुगतान करने की स्वीकृति दी गई। अंचल अधिकारी नामकुम, उप समाहर्ता भूमि सुधार, रांची एवं अनुमंडल पदाधिकारी, रांची की अनुशंसा के आलोक में उपायुक्त द्वारा कुल 4,24,800/- (चार लाख चौबीस हजार आठ सौ रुपये) मुआवजा राशि भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गई है।

#### इन्हें मिलेगा मुआवजा



**कच्चे मकान की क्षतिपूर्ति**
1. जेम्स सांगा, बलिकट, नामकुम, रांची
2. सिला देवी, नचलदाग, हातुदामी, नामकुम
3. हीरा एक्का, सिठियो, नामकुम, रांची
4. सुनिता देवी, सिदरौल नामकुम, रांची
5. मदन महतो, सिदरौल नामकुम, रांची
6. घनश्याम मिर्धा, लोधमा तेतरी नामकुम
7. मालती देवी, तंजु, नामकुम
8. रवि नायक,नचलदाग,हातुदानी, नामकुम

**पक्का मकान का क्षति ₹5200**
9. विनय महतो, टाटीसिलवे, नामकुम रांची

**कच्चा मकान की क्षति ₹95,100**
10. ठिबु कच्छप, चन्दाघासी नामकुम, रांची
11. रामु कुमार महतो नामकुम गुरुटोली

**कच्चा मकान गंभीर क्षति ₹101900**
12. उमेश महतो, नचलदाग, हातुदामी, नामकुम
13. सावित्री देवी, नचलदाग, नामकुम रांची

## सरहुल की झलकियां

### चार दिवसीय चैती छठ महापर्व शुरू



**रांची।** लोक आस्था का चार दिवसीय महापर्व चैती छठ शनिवार को नहाय खाय के साथ शुरू हो गया। कार्तिक माह में मनाए जानेवाली छठ पूजा की तरह ही चैती छठ पर्व श्रद्धालुओं द्वारा पूरी आस्था व विश्वास के साथ मनाया जाता है। आज रविवार पंचमी तिथि को खरना, सोमवार को तीसरे दिन अस्ताचल गामी सूर्य को अर्घ्य शाम 06:04 के पूर्व दिया जायेगा। 28 मार्च मंगलवार को चौथे दिन सप्तमी तिथि को उदीयमान भगवान भास्कर को अर्घ्य प्रात: 05:55 के बाद दिया जाएगा।

### केवल चौहान और केपी महंता को सजा

**रांची।** सेंट्रल यूनिवर्सिटी में एसी खरीद घोटाला में केवल चौहान और केपी महन्ता को सीबीआई कोर्ट ने दोषी करार दिया है। अदालत ने दोनों दोषियों को विभिन्न धराओं में अधिकतम दो वर्ष सश्रम कारावास की सजा सुनायी है। वहीं दोषियों को अधिकतम पचास हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। अदालत ने सेंट्रल यूनिवर्सिटी के कर्मचारी रहे श्याम नारायण सिन्हा को साक्ष्य के अभाव में बरी कर दिया। गौरतलब हो कि वर्ष 2014 में सेंट्रल यूनिवर्सिटी में एसी की खरीदारी की गई थी। जिसमें साढ़े तीन लाख रुपये के घोटाले का आरोप इन लोगों पर लगा था।

### सीएमपीडीआई के सीएमडी से मिलीं सुश्री मालवीय



रांची। राष्ट्रीय एथलेटिक्स खिलाड़ी और प्रसिद्ध पर्वतारोही सुश्री आशा मालवीय ने शनिवार को सीएमपीडीआई सीएमडी मनोज कुमार से भेंट की। श्री कुमार ने सुश्री मालवीय को महिला सुरक्षा और अधिकार के बारे में जागरूकता फैलाने के उनके प्रयास और समर्पण की सराहना की और बधाई दी। सुश्री आशा मालवीय महिला सुरक्षा और महिला अधिकार पर जागरूकता फैलाने के लिए अखिल भारतीय सोलो साइकिलिंग कर रही हैं। जिसका उद्देश्य देशभर में 25000 किलोमीटर की दूरी तय करना है।

### आखाड़ा प्रमुख एवं प्रशासन के साथ आज बैठक

**रांची।** श्री महावीर मंडल रांची महानगर के द्वारा रामनवमी महोत्सव को सफल बनाने एवं जो भी आखाड़ा एवं मंडल निष्क्रिय हो गए हैं, आर्थिक रूप से कमजोर हैं या जिनको शोभायात्रा निकालने में दिक्कत होती है, उसको लेकर आज संध्या 4 बजे चैंबर भवन रांची अपोजिट रेडिशन ब्लू होटल में रखा गया है। बैठक में उपायुक्त रांची, वरीय अधीक्षक रांची, रांची के सभी अखाड़ा के प्रमुख एवं सम्मानित राम भक्त उपस्थित रहेंगे।

### चित्रपट झारखंड का लघु फिल्म फेस्टिवल 23 से

**रांची।** चित्रपट झारखंड के द्वारा आयोजित 23, 24 एवं 25 जून 2023 को प्रथम चित्रपट झारखंड लघु फिल्म फेस्टिवल होने जा रही है। जिसमें राज्य भर से लगभग सौ से भी अधिक फिल्मों का प्रदर्शन किया जायेगा। उक्त विषय से संबंधित पोस्टर विमोचन सह चित्रपट झारखंड की वेबसाइट लोकार्पण रविवार को अपराहन 12:30 रांची स्थित होटल रेडिसन ब्लू में निश्चित की गई है। इस आशय की जानकारी डॉ दीपक प्रसाद मीडिया प्रभारी ने दी।

### यंग इंडिया के बोल सीजन-3 का हुआ विमोचन

**रांची।** प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में शनिवार को यंग इंडिया के बोल सीजन-3 प्रतियोगिता का विमोचन किया गया। यंग इंडिया के बोल कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा शुरू किया गया भारतीय युवा कांग्रेस का एक महत्वकांक्षी प्रोजेक्ट है। समारोह में उपस्थित पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय और राष्ट्रीय प्रवक्ता युवराज सिंह यादव ने बताया कि जिस दौर में भाजपा नागरिकों की अभिव्यक्ति का आक्रमण कर रही है उस दौर में युवा कांग्रेस देश के युवाओं को बोलने का मंच प्रदान कर रही है।

# रांची मेन रोड का ओवरब्रिज बंद सोमवार सुबह छह बजे खुलेगा

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** राजधानी रांची के मेन रोड ओवर ब्रिज से गाड़ियों का परिचालन शनिवार की रात नौ बजे बंद कर दिया गया। इसे 33 घंटे के लिए बंद किया गया है। सोमवार को सुबह छह बजे से यातायात चालू कर दिया जायेगा। प्रशासन की ओर से लोगों से कहा गया है कि निर्धारित समय तक लोग इस रास्ते का इस्तेमाल नहीं करें। लोगों को वैकल्पिक रास्ते का इस्तेमाल करने को कहा है। दरअसल मेकॉन से सिरमटोली तक फ्लाईओवर निर्माण कार्य हो रहा है। इस निर्माण कार्य के दौरान मेन रोड ओवरब्रिज के निर्माण कार्य में कार्यरत कंपनी की ओर से लोड टेस्ट किया जाना है।




**ये होंगे वैकल्पिक मार्ग** : मेन रोड सुजाता चौक की तरफ से राजेन्द्र चौक की ओर जाने वाले सभी वाहन रेडिसन ब्लू होटल के रास्ते कडरू ब्रिज के रास्ते कडरू ब्रिज के ऊपर से देवेन्द्र मांझी चौक, राजेन्द्र चौक होकर अपने गंतव्य तक जा सकेंगे।

सुजाता चौक से मेन रोड ओवरब्रिज के नीचे जाने वाले वाहन ओवर ब्रिज के नीचे जा सकते हैं।

राजेन्द्र चौक की तरफ से सुजाता चौक मेन रोड जाने वाले वाहन मेकान चौक, देवेन्द्र मांझी चौक, कडरू ओवरब्रिज के ऊपर के रास्ते रेडिसन ब्लू होकर अपने गंतव्य तक जा सकते हैं।

**वर्ष 2024 में तैयार हो जायेगा सिरमटोली-मेकॉन एलिवेटेड रोड**

2.34 किलोमीटर लंबे सिरमटोली-राजेन्द्र चौक फ्लाईओवर और एलिवेटेड रोड होगा। इसे बनाने में 337 करोड़ खर्च किए जा रहे हैं। फ्लाईओवर और एलिवेटेड रोड के निर्माण कार्य पर 24 माह में फ्लाईओवर का निर्माण कर लिया जाना है। उम्मीद है कि साल 2024 में इसे हैंडओवर कर दिया जाएगा।

## रामनवमी में पांच हजार होमगार्डस पर रहेगा सुरक्षा की जिम्मेवारी

**रांची।** रामनवमी पर राज्य भर में पांच हजार होमगार्ड्स के जवान सुरक्षा की कमान संभालेंगे। झारखंड पुलिस मुख्यालय की ओर से एडीजी अभियान ने स्वीकृति आदेश निकाल दिया है। रामनवमी के लिए सभी जिलों में 28 मार्च से लेकर एक अप्रैल तक जवान जिलों में तैनात रहेंगे। झारखंड के रांची व हजारीबाग में 500-500 जवानों की तैनाती की जाएगी। राज्य के 24 जिलों में अन्य जिलों में लोहरदगा में दो सौ, खूंटी में एक सौ, गुमला में दो सौ, सिमडेगा में एक सौ, जमशेदपुर में तीन सौ, चाईबासा में दो सौ, सरायकेला में डेढ़ सौ, धनबाद में तीन सौ, पलामू में ढाई सौ, लातेहार में एक सौ, चतरा में दो सौ, दुमका में डेढ़ सौ, जामताड़ा में 300, साहिबगंज में 250, दुमका में एक सौ और देवघर में 150 जवान तैनात रहेंगे।

## झारखंड की संस्कृति को बचाने के लिए भाषा बचाना जरूरी : राम टहल चौधरी



खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बुटी मोड़ में झारखंड संस्कृति संरक्षण समिति ने प्रकृति पर्व सरहुल धूमधाम से मनाया। बुटी, महुरमटोली, खीजुरटोली, किशुनपुर, लालगंज, पेरतोल, खटंगा, बांधगाड़ी, डूमरदगा, सुगनू, केदल, मेसरा आदि सरना समिति की झांकी बूटी मोड़ आई, जिसका स्वागत झारखंड संस्कृति संरक्षण समिति के द्वारा अंग वस्त्र एवं शील्ड देकर किया गया। मौके पर मुख्य अतिथि पूर्व सांसद राम टहल चौधरी ने कहा कि सरहुल का जुड़ाव प्रकृति से है। संस्कृति को बचाने के लिए हमारे चार क्षेत्रीय भाषा एवं पांच जनजाति भाषा को संरक्षित करने का दरकार है। क्षेत्रीय भाषा में जोड़े गए भोजपुरी, अंगिका, मगही, उड़िया एवं बांग्ला को झारखंड सरकार क्षेत्रीय भाषा की सूची से जल्द से जल्द हटाने का काम करें ताकि यहां की भाषा संस्कृति को बचाया जा सके। रामकिशोर ओहदार ने कहा कि जे नाची से बांची, इसलिए सरहुल के अवसर पर सभी कोई नाचे और गाएं।

सरहुल महोत्सव में मनरखन महतो, रणधीर चौधरी, सुख नाथ महतो, कैलाश महतो, नरेश महतो, संजय महतो, रामेश्वर प्रसाद, अशरफ अंसारी, अरविंद महतो, राजेंद्र करमाली, महावीर मुंडा, सुरेंद्र मुंडा, राजेंद्र ओहदार विशेष रूप से उपस्थित थे।

## पुलिस वसूली में रहते हैं लिप्त चोर घरों को बना रहे निशाना!

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** इन दिनों रांची पुलिस जमीन, बालू तस्करी समेत कई मामले में पैसे वसूली में लिप्त रह रही है। इधर, अपराधी पुलिस की आंखों में धूल झोंककर घरों में चोरी की घटना को अंजाम देने में जुटे हुए हैं। पहली घटना लोअर बाजार थाना क्षेत्र में प्लाजा चौक के पास स्थित सीमेंट दुकान में घटी। जहां अपराधियों ने सीमेंट दुकान का शटर तोड़ 50 हजार रुपए नगद और 40 चांदी के सिक्के ले गए। सीमेंट दुकान के संचालक राहुल कुमार अग्रवाल ने लोअर बाजार थाना में चोरी की प्राथमिकी दर्ज कराई है। वहीं, दूसरा मामला अरगोड़ा थाना क्षेत्र में न्यू एजी कॉलोनी कडरू का है। जहां चोरों ने एक बंद घर का ग्रिल तोड़ 70 लाख रुपए मूल्य के जेवरात और 50 हजार रुपए कैश की चोरी की है। न्यू एजी को ऑपरेटिव कॉलोनी के प्लॉट संख्या 136-बी में रहने वाले विजय कुमार ने अरगोड़ा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है।

**महिला पुलिस के घर चोरी का उद्भेदन नहीं कर सकी है पुलिस**

कुछ दिन पूर्व कोतवाली थाने में एंटी हयूमन ट्रैफिकिंग यूनिट में कार्यरत निशा कुमारी के घर में हुए चोरी का खुलासा जगन्नाथपुर थाना पुलिस नहीं कर पाई है। निशा कुमारी के घर में जब सेंधमारी हुई तो उस वक्त परिवार के सभी लोग बिहार पटना में शादी समारोह में गए हुए थे।

## राज्यपाल से मिली पर्वतारोही आशा



**रांची।** राष्ट्रीय एथलीट और पर्वतारोही आशा मालवीय ने राजभवन में शनिवार को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन से शिष्टाचार भेंट की। राज्यपाल ने उक्त अवसर पर सुश्री मालवीय को महिला सशक्तिकरण के उद्देश्य से उनकी साइकिल यात्रा के लिए उन्हें शुभकामनाएं दी एवं इस प्रयास की सराहना की।

## कुरआन का रमजान से और रमजान का कुरआन से गहरा संबंध : मौलाना अनवर

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** रमजान का मुबारक महीना चल रहा है। जो रहमत, मगफिरत और जहन्नम से आजादी का महीना है। अल्लाह पाक इस महीने में मोमिन के कर्मों का सवाब दस से सात सौ गुना तक बढ़ा देता है। उक्त बातें शरियत दारुल कजा इमारत शरिया रांची के काजी मौलाना मुफ्ती मोहम्मद अनवर कासमी ने कही। उन्होंने बताया कि इसलिए रमजान के महीने में इबादत, कुरआन की तिलावत ज्यादा से ज्यादा करनी चाहिए। अल्लाह ने रोजे का मकसद(तकवा) नफ्स पर कंट्रोल बताया है। रोजे में हर व्यक्ति को झूठ, छल, कपट, और वाद-विवाद से बचना चाहिए। ऐसा इसलिए है क्योंकि अल्लाह के रसूल सल्ल ने फरमाया है कि जो कोई रोजा रखे और झूठ बोले, धोखा दे और ऐसा करने से ना रुके तो अल्लाह को ऐसे इंसान के भूखे-प्यासे रहने की कोई जरूरत नहीं है। इस महीने में, अल्लाह ने पवित्र कुरआन को उतारा। कुरआन को रमजान से और रमजान का कुरआन से निकटता से गहरा संबंध है। अल्लाह के पैगंबर (सल्लल्लाहु अलैहि व सल्लम) रमजान के महीने में अक्सर पवित्र कुरआन का पाठ करते थे। इसलिए हर मोमिन को चाहिए कि कुरआन की तिलावत करे और उसके माना मतलब को समझने की कोशिश करनी चाहिए। इसी तरह तरावीह में कुरआन सुनने और पढ़ने का एहतमाम करें।

## मिसेज इंडिया होरोजाइन का रांची में होगा आयोजन

**रांची।** फैशन मिरेकल इवेंट कंपनी द्वारा मिसेज इंडिया होराइजन 2023 के आयोजन के लिए रिंकू भगत, मधुलिका पाठक, नम्रता सोनी, नंद किशोर सिंह चंदेल, तरण मित्तल, सुषमा सिन्हा, शालिनी सिंह राजपूत, साबिर हुसैन, जयंत मिश्रा, अर्ष, अभीजल कंडोला, एडवाइजर पिया बर्मन, मिसेज इंडिया होराइजन के डायरेक्टर फाउंडर दिव्या कश्यप ने संयुक्त रूप से बताया कि रांची में पहली बार मिसेज इंडिया होराइजन 2023 का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस आयोजन में रांची तथा अन्य शहरों से भी प्रतिभागी हिस्सा लेंगी। खास तौर पर यह कार्यक्रम शादीशुदा महिलाओं के लिए किया जा रहा है। ऐसी महिला जोकि पहले कभी घर से बाहर निकलकर कुछ अलग नहीं की उन सबके लिए यह आयोजन एक नई उम्मीद है।

रेसिडेंशियल यूज के 20 एकड़ प्लॉट के होंगे टुकड़े, संशोधन के बाद कैबिनेट में लाया जाएगा नया मास्टर प्लान

# स्मार्ट सिटी का बदल रहा मास्टर प्लान, सबको मिलेगी जमीन

खबर मन्त्र ब्यूरो

**व्यक्तिगत यूज के लिए 5 से 10 डिलमिल प्लॉट मिलेंगे**

**इस बार लॉटरी से होगा प्लॉट्स का आवंटन**

**5 से 10 डिसमिल के होंगे इंडिविजुअल प्लॉट**

**जमीन की कीमत 8 से 10 लाख रुपये प्रति डिलमिल**

**रांची।** रांची स्मार्ट सिटी का मास्टर प्लान बदलेगा। अब, व्यक्तिगत यूज के लिए भी 5 से 10 डिलमिल प्लॉट दिये जाएंगे। इस बार प्लॉट का ऑक्शन नहीं होगा, बल्कि लॉटरी से प्लॉट्स का आवंटन किया जायेगा। सरकार ने रांची स्मार्ट सिटी का मास्टर प्लान बदलाव का निर्णय लिया है। यहां, अब सभी को जमीन मिलेगी। रेसिडेंशियल यूज के लिए चिन्हित 20 एकड़ प्लॉट के छोटे-छोटे टुकड़े करने प्रक्रिया चल रही है। रांची स्मार्ट सिटी में 80 एकड़ जमीन रेसिडेंशियल प्लॉट के रूप में चिन्हित है। इसमें से 25 फीसदी यानी 20 एकड़ प्लॉट को 5-5 और 10-10 डिसमिल के प्लॉट में काटा जाएगा। स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन लैंड अलॉटमेंट रूल्स के तहत लोगों को प्लॉट आवंटित करेगा। पदाधिकारियों के मुताबिक, व्यक्तिगत यूज के लिए प्लॉट का आवंटन ऑक्शन से नहीं बल्कि लॉटरी से होगा। स्मार्ट सिटी में इंडिविजुअल यूज के लिए सस्ते दरों पर ही जमीन उपलब्ध कराया जाएगा। बताया जा रहा है कि जमीन की कीमत 8 से 10 लाख रुपये प्रति डिलमिल हो सकती है। हालांकि अभी रेट फाइनल नहीं किया गया है।

**ऑक्शन और आवंटन के नियम भी होंगे सरल** : मास्टर प्लान में संशोधन कर व्यवसायिक, एजुकेशनल और मिक्स यूज के प्लॉट आवंटन के नियम को भी सरल किया जाएगा। साथ ही इनके भी प्लॉट्स छोटे किए जाएंगे। मालूम हो कि स्मार्ट सिटी के एक प्लॉट पर ऑक्शन के लिए के लिए कम से कम तीन बीडर्स का होना जरूरी है। अगर एक भी बीडर कम हुए तो प्लॉट का आक्शन नहीं होता है। तीन चरण में हुए ई-ऑक्शन में इसी कारण कई प्लॉट की बोली नहीं लग पाई। उधर, व्यवसायिक और एजुकेशनल प्लॉट के साइज बड़े होने के कारण निवेशकों ने यहां इन्वेस्ट करने से मना कर दिया। नए मास्टर प्लान में इन सभी चीजों का ध्यान रखा गया है। जल्द ही मास्टर प्लान का प्रारूप फाइनल कर कैबिनेट से स्वीकृत कराया जाएगा।

### एडीबी एरिया में 12 में से 4 परियोजनाएं कंप्लीट



रांची स्मार्ट सिटी के 656 एकड़ एडीबी एरिया में कुल 12 परियोजनाओं पर काम होना है। इनमें से 4 परियोजनाएं पूरी तरह कंप्लीट हो चुकी हैं। 8 परियोजनाओं पर काम चल रहा है। वहीं स्मार्ट सिटी एडीबी एरिया में इंटीग्रेटेड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवपलमेंट का काम अंतिम चरण में है। तीन चरणों के ई-ऑक्शन में 51 में से 11 प्लॉट्स की नीलामी हो चुकी है, जिसमें 6 आवासीय, 3 मिक्स यूज और 2 संस्थागत प्लॉट हैं। अबतक की नीलामी से स्मार्ट सिटी कॉरपोरेशन को 421 करोड़ रुपये राजस्व प्राप्त हुए हैं।

हाईकोर्ट के निर्देश पर सीबीआई कर रही है पूरे मामले की जांच

# थाना प्रभारी रूपा तिर्की मौत मामले में पशुपति यादव का आया था नाम

कुबेर सिंह

**रांची।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मनी लांड्रिंग के मामले में दाहू यादव के पिता पशुपति यादव को गिरफ्तार किया है। उन पर साहिबगंज महिला थाना में शिकायत दर्ज हुई थी। इस मामले को लेकर थाना प्रभारी रूपा तिर्की जांच में जुटी हुई थी। रूपा तिर्की थाना प्रभारी बनने के बाद 11 केस को देख रही थी, जिसमें पांच केस हाई प्रोफाइल थे।

**जमीन विवाद मामला का केस देख रही थी रूपा तिर्की** : जानकारी के अनुसार, बीते 10 मार्च को स्टाइल कपड़ा दुकान के जमीन विवाद में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई थी। जिसमें एक पक्ष सिद्धार्थ शर्मा, उसके पिता प्रदीप शर्मा और पशुपति यादव का था। वहीं दूसरा पक्ष महिला रिद्धि तंबाकू वाला का था। रिद्धि तंबाकू वाला ने अपने साथ हुई बेइज्जती का आरोप लगाते हुए सिद्धार्थ शर्मा, प्रदीप शर्मा और पशुपति यादव के खिलाफ महिला थाना शिकायत दर्ज करायी थी। यह केस काफी हाई प्रोफाइल था, क्योंकि आरोपी सिद्धार्थ शर्मा, प्रदीप शर्मा और पशुपति यादव का इलाके में रसूख रखते हैं। रूपा तिर्की की मौत के बाद जब मामला सीबीआई में गया और पटना सीबीआई की टीम पूछताछ के लिए साहिबगंज पहुंची थी। गौरतलब हो कि पुलिस लाइन स्थित गंगा भवन सरकारी क्वार्टर में क्वार्टर -1 में संदिग्ध अवस्था में रूपा तिर्की का शव 3 मई, 2021 को बरामद हुआ था। सीबीआई के द्वारा इस केस से जुड़े 6 से अधिक लोगों को चिन्हित कर उसके क्वार्टर के आसपास के लोगों से पूछताछ की गयी थी। रूपा तिर्की मौत मामले में 1 सितंबर को हाईकोर्ट ने सीबीआई को जांच का निर्देश दिया था। रूपा तिर्की की मौत मामले में हाईकोर्ट ने भी जमीन विवाद में शक जाहिर किया था। इस बिंदु पर भी जांच करने का आदेश दिया था। सीबीआई हाईकोर्ट के आदेश पर धमकी मामले में बहुचर्चित जमीन विवाद मामले में जांच भी की थी।

# 30 दिन में कोर्ट में कागजात पेश करना अनिवार्य

## मोटरवाहन दुर्घटना दावा न्यायाधिकरण पर जिला स्तरीय कार्यशाला संपन्न

- मोटर दुर्घटना में पीड़ित परिवार को ससमय व उचित मुआवजा दिलवाने की प्रक्रिया के प्रावधान और सरलीकरण पर चर्चा
- दुर्घटना में मौत होने या हिट एंड रन मामले में वाहन अज्ञात हो तो केंद्र से 2 लाख मुआवजे का है प्रावधान

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झालसा के निर्देश पर व्यवहार न्यायालय, रांची में मोटरवाहन दुर्घटना एवं बीमा क्लेम को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर पी.ओ. एम.ए.सी.टी. मनीष, सी.जे.एम. मिथलेश कुमार सिंह, ए.सी.जे.एम. कृष्णकांत मिश्रा, डालसा सचिव, राकेश रंजन, एलएडीसी चीफ, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, डीएसपी प्रवीण कुमार, जिला रोड सेफ्टी इंजीनियर, गौरव कुमार, जिला रोड सेफ्टी प्रबंधक, जावेद ए. खान एवं रांची जिला के सभी थाना के प्रतिनिधि तथा पीएलवी उपस्थित थे। कार्यशाला में मोटर दुर्घटना में पीड़ित परिवार को ससमय व उचित मुआवजा दिलवाने की प्रक्रिया के प्रावधान और सरलीकरण पर चर्चा हुई। इस अवसर पर पी.ओ.एम.ए.सी.टी ने झारखंड मोटर दुर्घटना कानूनों में वर्ष 2019 में हुए बदलाव का उल्लेख करते हुए कहा कि सड़क दुर्घटना में 30 दिनों के अंदर पुलिस को दुर्घटना से संबंधित कागजात न्यायालय में प्रस्तुत करना है। ऐसा नहीं होने पर कोर्ट को सूचित करना आवश्यक है। उन्होंने यह भी कहा कि दुर्घटना कभी भी हो सकती है इसलिए बाइक चालक हमेशा हेलमेट व कार चालक सदैव सीट बेल्ट लगा कर चलें। साथ ही कहीं दुर्घटना होती है तो आसपास के लोग पुलिस को सूचित करें। ए.सी.जे.एम कृष्णकांत मिश्रा ने कहा कि दुर्घटना मृत परिवार के सदस्य जानकारी के अभाव में दुर्घटना मुआवजा ले नहीं पाते हैं इसलिए संदर्भ में अधिक से अधिक जागरूकता फैलाने पर जोर दिया जाय। अधिकाधिक जागरूकता फैलाने की आवश्यकता है, ताकि पीड़ित या पीड़ित के परिजन को समय पर मुआवजा मिल सके। डीएसपी प्रवीण कुमार ने कहा कि जिले में नित्य सड़क दुर्घटनाएं होती रहती है, और जिन लोगों की जानें गई हैं उनमें से अधिकतर अपने परिवार के ब्रेड अर्नर थे और अधिकतर तेज रफ्तार बाइक या वाहन चलाने से दुर्घटनाग्रस्त हुए। अभियंता रोड सेफ्टी गौरव कुमार ने कहा कि किसी भी दुर्घटना में यदि मृत्यु होती है या हिट एंड रन मामले में यदि वाहन अज्ञात हो तो 2 लाख रुपये केंद्र सरकार के द्वारा दिया जाता है और जिस वाहन से दुर्घटना हुई है, उसका पता चलने पर राज्य सरकार के द्वारा 1 लाख रूपया प्रदान किया जाता है। पुलिस प्रशासन को भी बताया कि दुर्घटना होने के बाद पुलिस के क्या कर्त्तव्य हैं।

### श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारा आज

**रांची।** एमआरएस श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट की ओर से आज रविवार को पुंदाग स्थित श्री कृष्ण प्रणामी मंदिर के प्रांगण में सत्संग भजन संकीर्तन होगा। साथ ही इस मौके पर 79वां श्री कृष्ण अन्नपूर्णा भडारे का आयोजन किया गया है।

### डालसा के मासिक लोक अदालत में 53 वादों का निष्पादन


**रांची।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची के द्वारा शनिवार को सुबह 10:30 बजे से व्यवहार न्यायालय, रांची में मासिक लोक अदालत का आयोजन किया गया। इसके लिये सात बैंच का गठन किया गया। आज के इस लोक अदालत में कुल 53 वादों का निष्पादन किया गया एवं 2397100/- (तेईस लाख संतानबे हजार एक सौ) रूपयों के समझौता राशि की प्राप्ति निष्पादन विभिन्न वादों में किया गया।

### झारखंड राज्य पेंशनर्स समाज की बैठक आज

**रांची।** झारखण्ड राज्य पेंशनर समाज की राज्य स्तरीय बैठक आज जिला शिक्षा कार्यालय परिसर में 11 बजे से होगी। यह जानकारी डॉ. श्रीमोहन सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि इस बैठक की अध्यक्षता राज्याध्यक्ष डॉ. आश्रिता कुजुर करेंगी। बैठक में पूरे देश में एक पेन्शन योजना लागू करना, वन रैंक वन पेंशन लागू करना, पूरे देश में पुरानी पेन्शन योजना लागू करना, पेंशनरों को आयकर देने से मुक्त करना, पेंशनर के लिए कैशलेस चिकित्सा सुविधा मुहैया कराना, पेंशनरों को पूर्व की भाँति रेल यात्रा में छूट की सुविधा देना, 18 माह का रोके गए डीए का भुगतान करना, 65 बर्ष से अधिक उम्र वाले पेंशनरों के पेंशन में बढ़ोत्तरी करना आदि था।

## सरहुल की शोभायात्रा की सफलता के लिए सभी को आभार : बबलू मुंडा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष बबलू मुंडा ने प्रेस बयान जारी कर प्रकृति, धार्मिक एवं सांस्कृतिक महापर्व सरहुल की शोभायात्रा के सफल आयोजन के लिए रांची जिला प्रशासन, रांची जिला प्रशासक, रांची जिला स्वास्थ्य विभाग, महावीर मंडल रांची, गुरुद्वारा कमेटी, अंजुमन इस्लामिया कमेटी, सभी धार्मिक सामाजिक संगठनों को सरहुल शोभायात्रा सफल आयोजन के लिए केंद्रीय सरना समिति की ओर से बहुत-बहुत धन्यवाद बधाई एवं आभार प्रकट किया है। श्री मुंडा ने कहा कि सरहुल शोभायात्रा सफल आयोजन के लिए रांची के उपायुक्त रांची के वरीय पुलिस अधीक्षक एवं उनकी पूरी टीम ने रात दिन मेहनत करके सरहुल शोभायात्रा का सफल आयोजन हुआ है। रांची में सभी समुदाय के लोगों ने सरहुल शोभायात्रा को हर्ष उल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में प्रकृति महापर्व सरहुल को मनाया है आगामी आने वाला रामनवमी भी हर्षोल्लास एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाएंगे।

## सरहुल के दूसरे दिन मुहल्ले व गांव के घर-घर जाकर दरवाजे पर की फूलखोंसी

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** प्रकृति पर सरहुल पूजा और भव्य शोभा यात्रा के बाद शानिवार को गांव शहर में इस सरहुल महोत्सव का रंग सरना समुदाय के लोगों के परिवार में देखा गया। शोभा यात्रा के दूसरे दिन लोगों ने फूलखोंसी के नाम पर अपने घरों में ही सरहुल पर्व का आनंद लिया। इस मौके पर गांवों के पहान तथा शहर में भी विभिन्न मौजा या अखड़ा के पहान पूजा अर्चना की तथा अपने साथ सूप या दौरी में सरई के फूल लेकर गांव मुहल्ले में घर-घर जाकर सरई का फूल घरों के दरवाजे पर खोंसा और सरहुल की बधाईयां दी। केन्द्रीय सरना संघर्ष समिति के प्रदेश अध्यक्ष शिवा कच्छप ने इस मौके पर कहा कि सरहुल पूजा का दूसरा दिन भी अपने आप में बहुत ही महत्वपूर्ण है। इस दिन लोग अपने-अपने घरों में नाचते-गाते और अपने परिजनों, पड़ोसियों के साथ मिलकर उत्सवी भोजन करते है। यही नहीं इस मौके पर पहान लोगों के घर-घर में जाकर लोगों के स्वास्थ्य व समृद्धि की कामना करते हुए सखुआ का फूल लोगों के घरों में लगाते हैं। इसके अलावा पारंपरिक सांस्कृतिक गीतों के साथ नृत्य करते हैं।

## श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति के मुख्य संरक्षक रमेश सिंह का मनाया जन्मदिन

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** श्री चैती दुर्गा पूजा महासमिति, भुतहा तलाब में शनिवार को महासमिति के मुख्य संरक्षक रमेश सिंह के जन्मदिन के उपलक्ष्य में चैती दुर्गा मंदिर में पूजा अर्चना की गयी। इस अवसर पर प्रसाद वितरण कर जन्मदिन की खुशियां मनायी। उसके बाद प्रत्येक शनिवार की तरह इस शनिवार भी भोग वितरण किया गया। इसमें खिचड़ी, अचार, चिप्स और आलू चोखा का वितरण किया गया। इस अवसर पर महासमिति के मुख्य संरक्षक किशोर साहू, रमेश सिंह, मिन्टू चौबी, बंटी शर्मा, संजय सिंह (लल्लू सिंह), राहुल सिंह, नमन भारतीय, करण सिंह, मोहित रजक, आकाश रजक, अर्जुन सिंह, रोहन सिंह, आशीष रजक, प्रियांशु वर्मा, सौरभ रजक, शेखर रजक, आयुष वर्मा, यश वर्मा आदि शामिल थे।

## मेटास एड्वेंटिस्ट कॉलेज एवं एसडीए हॉस्पिटल स्कूल ऑफ नर्सिंग का दीक्षांत समारोह आज

खबर मन्त्र संवाददाता

**रांची।** बरियातू रोड स्थित मेटास एडवेंटिस्ट कॉलेज एवं स्कूल ऑफ नर्सिंग के एएनएम, जीएनएम, बेसिक बीएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग के पिछले 5 सत्र 2018 से 2022 तक के छात्र-छात्राओं के लिए दीक्षांत एवं सम्मान समारोह का आयोजन 26 अप्रैल 2023 को संध्या 4:00 से कॉलेज परिसर में किया गया है। इस समारोह में लगभग 400 पूर्ववर्ती छात्र-छात्राएं शामिल होंगे, जिसमें से विभिन्न वर्गों में जैसे बेस्ट आउटगोइंग स्टूडेंट, बेस्ट एकेडमिक परफॉर्मर और बेस्ट क्लीनिकल परफार्मर के लिए 56 स्टूडेंट्स गोल्ड मेडल से और 100% उपस्थिति, बेस्ट ड्रेस्ड ब्वॉय एवं बेस्ट ड्रेस्ड गर्ल वर्ग में 57 स्टूडेंट्स को सिल्वर मेडल देकर सम्मानित किया जाएगा। रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर अजीत कुमार सिन्हा इस समारोह के मुख्य अतिथि होंगे। जबकि नॉर्थ ईस्टर्न एड्वेंटिस्ट विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर पाल भाग्यन बतौर विशिष्ट अतिथि होंगे। इनके अलावा मेटास नुजविड के कार्यकारी प्रशासी पदाधिकारी सैम मोजेस भी उपस्थित रहेंगे। उक्त जानकारी मेटास एड्वेंटिस्ट कॉलेज एवं एसडीए हॉस्पिटल स्कूल ऑफ नर्सिंग के पीआरओ आलोक नारायण वर्मा ने दी।

## मारवाड़ी भवन हरमू में राजस्थानी लोक संगीत व नृत्य का भव्य आयोजन आज

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** झारखंड की राजधानी रांची की नवगठित संस्था झारखंड राजस्थानी अकादमी के तत्वावधान में 26 मार्च रविवार को सायं 4 बजे से स्थान मारवाड़ी भवन, हरमू रोड, राजस्थान मुकुंदगढ़ के सुप्रसिद्ध कलाकार संजय बिरख एवं 15 सदस्य टीम द्वारा राजस्थानी लोक संगीत व नृत्य का भव्य आयोजन किया जा रहा है। संस्था के अध्यक्ष अजय मारू व महासचिव विनय सरावगी ने बताया कि उद्घाटन समाजसेवी, वयोवृद्ध देवकी नंदन नारसरिया के द्वारा किया जाएगा। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु संयोजक रविशंकर शर्मा, सह संयोजक मनोज बजाज, अशोक पुरोहित, शिवशंकर साबू एवम प्रभारी आनंद गोयल, कुणाल जालान, राहुल मारू, किशन शर्मा व अन्य को मनोनीत किया गया है।

## चालीसा पुण्य काल ईश्वर योजनाओं को समझने का समय : कुलदीप

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** पासका या ईस्टर की तैयारी को लेकर इन दिनों सभी मसीही विश्वासियों के द्वारा चालीसा के तहत आध्यात्मिक मनन-चिंतन का कार्यक्रम जारी है। इस चालीसा काल में प्रत्येक मसीही व्यक्तिगत जीवन व कार्य का मूल्यांकन करते हुए अपनी गलतियों, व बुराईयों के लिए सच्चे मन व हृदय की गहराईयों से प्रायश्चित करते हुए स्वयं को ख्रीस्त के आदर्शों में ढालने का संकल्प लेते हैं। यूं देखा जाए तो चालीसा का पुण्य काल ईश्वर के प्रत्येक बंदे के लिए ईश्वरीय योजनाओं को समझने का है। रांची महाधर्मप्रांत के यूथ को-ऑर्डिनेटर कुलदीप तिर्की खबर मन्त्र को उक्त जानकारी दी। उन्होंने अपने इस वक्तव्य को समझाने के लिए एक कहानी का उल्लेख किया। कहा कि एक तालाब के किनारे डुमर का पेड़ था। एक बंदर डुमर का फल खाने उस पेड़ पर चढ़ा। पेड़ पर से उसने नीचे तालाब में मछलियों को देखा। जो तैरते हुए कभी उपर आती थीं तो कभी पानी की गहराईयों में चली जाती थीं। इसे देख बंदर के मन में मछलियों के प्रति दया आ गयी। उनको बचाने के उद्देश्य से बन्दर पानी मे कूद गया। पानी में कूदने पर उसके हाथ में जो मछलियाँ आयी उन्हें पानी से बाहर फेंकते हुए कहा - जाओ तुम भी क्या याद करोगी, मैंने तुम्हारी जान बचाई है लेकिन बेचारी मछलियां बिन पानी के तड़प कर मर गयीं। हालांकि इस घटना में बंदर के इरादे तो नेक थे, किंतु उसका काम मछलियों के लिए जानलेवा साबित हुआ। उसी तरह हम मनुष्यों की सोच भी उसी बंदर की तरह होती है। हम ईश्वरीय योजना पर सवाल उठाते हैं कि ईश्वर ने मनुष्य जाति को बचाने के लिए कोई दूसरा तरीका क्यों नहीं अपनाया। आखिर समस्त मानवजाति को बचाने के लिए ईश्वर को अपने इकलौते पुत्र को संसार में भेजने की क्या आवश्यकता थी। ईश्वर तो भगवान हैं उनके बोलने मात्र से ही सबकुछ हो सकता था। खासकर इस तरह की सोच मनुष्य के छोटी बुद्धि का परिचायक है क्योंकि उसे ईश्वर की मुक्ति योजना की समझ नहीं है। हमें यह विश्वास रखना चाहिए कि ईश्वर के ईरादे हमारे लिए हमेशा नेक होते हैं। पवित्र बाईबल में ईश वचन कहता है कि उनकी योजनाएं मानव हित में होती हैं अहित में नहीं।

# नवरात्र मतलब रात्रि की उपासना, जिसने साध लिया, सब साध लिया : मनुश्री महाराज

## महायज्ञ का चौथा दिन : चौथे दिन हुई मां भगवती के चौथे स्वरूप मां कुष्मांडा की पूजा

खबर मन्त्र संवाददाता



**रांची।** ओटीसी मैदान के राज्य ग्रामीण विकास संस्थान (सर्ड) कैंपस में चल रहे श्री श्री शतचंडी महायज्ञ के चौथे दिन शनिवार को वृंदावन से पधारे संत मनुश्री महाराज ने जैसे ही इस भजन से कार्यक्रम की शुरूआत की, पूरा माहौल भक्तिमय हो गया। उन्होंने हनुमान चालीसा का भी गायन मनमोहक अंदाज में किया। वाराणसी से आए यज्ञाचार्य नागेंद्र नाथ ओझा व सह यज्ञाचार्य निरंजन दास मिश्र ने जहां अपने वैदिक मंत्रों से पूरे वातावरण को भक्तिमय किया, वहीं वृंदावन वाले संत मनुश्री महाराज के भजन व प्रवचनों ने श्रद्धालु भक्तों को झूमने को विवश कर दिया। मनुश्री महाराज ने भजन-सत्संग के दौरान नवरात्र का मतलब समझाया। उन्होंने कहा कि नवरात्र का मतलब रात्रि की उपासना है, जिसने साध लिया, सब साध लिया। यह नवरात्र है, नव दिवस नहीं। इसमें दिन का महत्व नहीं, रात्रि का महत्व है। नवरात्रि, कालरात्रि व शिवरात्रि। ये रात्रियां विशेष हैं। जिसने भी साध लिया, सब साध लिया। साधना वाले दिन में सोते हैं व रात्रि में जगते हैं। आज भी लोग अनभिज्ञ हैं और दोपहर में माता का पूजन कर अपना काम पूरा समझते हैं, लेकिन नवरात्रि में जो सो गया, वो खो गया। यह शक्ति उपासना का पर्व है जिसके पास शक्ति जितना ज्यादा है, उसी का बोलबाला है। संत मनुश्री महाराज ने एक-एक कर नवरात्र पूजन विधि, शक्ति की आराधना, कन्या पूजन की विधि व भोग की विधि को श्रद्धालुओं के बीच विस्तार से समझाया।

भक्तों ने खिचड़ी के भोग का प्रसाद ग्रहण किया। इस दौरान आयोजन समिति के अध्यक्ष सुनील सिंह, कार्यकारी अध्यक्ष कुमुद झा के अलावा पूजा पंडाल में विधायक सीपी सिंह, पूर्व डिप्टी मेयर अजय नाथ शाहदेव, यशवर्धन नाथ शाहदेव, विवेकानंद चतुर्वेदी व उदय प्रताप सिंह उपस्थित थे।

### मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कुष्मांडा की विधि-विधान से हुई पूजा

श्री शतचंडी महायज्ञ सह श्रीमद् भागवत कथा यज्ञ में बने भव्य यज्ञ मंडप में मां दुर्गा के चौथे स्वरूप मां कुष्मांडा की विधि विधान से पूजन हुई। यजमानों के साथ पुरोहित यज्ञाचार्य नागेंद्र नाथ ओझा व सह यज्ञाचार्य निरंजन दास मिश्र ने वैदिक मंत्रों से मां का आवाहन किया और समस्त संसार के सुखों की कामना की। पूजन के बाद आहुति हुई और उसके बाद मां की आरती की गई।

## खबर एक नजर में

### रमजान का महीना सभी महीनों से बेहतर : मौलाना तहजीबुल हसन



**रांची।** रमजान की खूबियां इतनी हैं कि इस महीने का मुकाबला दूसरा कोई भी महीना नहीं कर सकता। अगर कोई यह जान ले कि रमजान के इस पाक महीने के क्या-क्या फायदे और बरकते हैं तो वह शख्स साल भर रमजान के महीने की दुआ करेगा। रमजान के पाक महीने पर मस्जिद-ए-जाफरिया के इमाम व खतीब मौलाना सैयद तहजीबुल हसन रिजवी ने कहा कि रमजान का यह महीना परहेजगारी पर आधारित है। जिस तरह जिस घर की नींव कमजोर होती है वह घर कमजोर हो जाता है। ठीक उसी तरह जो मुसलमान रमजान के महत्व को नहीं जानता वह कई मायने में कमजोर हो जाता है। मौलाना तहजीबुल हसन ने बताया कि अल्लाह ने तीन अशरा पर रमजान को तय किया है। जिसमें पहला अशरा रहमत का। अल्लाह ने पहले दस दिनों को रहमत का बनाया। ताकि इस्लाम अनुयायी अपने हिसाब से अल्लाह की रहमत को अपनी झोली में भर सकें।

### पीएलवी का प्रशिक्षण सम्पन्न, सचिव ने दिये दिशा-निर्देश



**रांची।** राजधानी रांची में शनिवार को डालसा हॉल में लगभग 70 कार्यरत पीएलवी के साथ सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार (डालसा) रांची राकेश रंजन ने बैठक की। जिसमें पी.एल.वी. के किये गये कार्यों की समीक्षा की एवं कई दिशा-निर्देश दिये गये तथा उन्हें पोक्सो एक्ट, एम.ए.सी.टी. एक्ट एवं रिमांड के बारे प्रशिक्षण दिया गया। पीएलवी के प्रशिक्षण के दौरान डालसा सचिव राकेश रंजन ने समस्याओं को जाना एवं उसके निदान के बारे बताया। साथ ही प्रशिक्षण में पोक्सो एक्ट, एमएसीटी एक्ट, पुलिस रिमांड में व्यक्ति के क्या अधिकार हैं, इसकी जानकारी दी गयी। ज्ञात हो कि लिगल-एड-डिफेंश काउंसिल के सदस्यों ने भी पीएलवी को प्रशिक्षण दिया। अंत में सचिव राकेश रंजन ने सभी पी.एल.वी के द्वारा किये गये कार्यों का भी अवलोकन किया और उन्हें अपने क्षेत्र में अच्छी तरह से काम करने के लिए कई दिशा-निर्देश भी दिये। मौके पर एलएडीसी मुख्य, प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, राजेश कुमार सिन्हा, कविता कुमारी खाती, सौरभ पाण्डेय, शिवानी सिंह, स्वीकृति विनया सहायक, अश्रृता बेक, अनिमा मलिक, ज्योत्सना गोराई, शारदा देवी, भारती देवी, बेबी देवी, जसिन्ता टोप्पो, कपिलदेव प्रसाद, ललिता देवी, लता कुमारी, मानव कुमार, मुक्तेश्वर पाहन, सिकन्दर मुण्डा, मुन्नी देवी, पम्मी देवी, पार्वती देवी, बेबी सिन्हा, राजेन्द्र महतो, अनिता देवी, रिना लिण्डा, संध्या विश्वास समेत डालसा के सभी कार्यरत पी.एल.वी. बैठक में उपस्थित थे।

### डीएसपीएमयू के कुलपति मेघालय के राष्ट्रीय सम्मेलन में हुए शामिल



**रांची।** मेघालय में 25 मार्च तक आयोजित कुलपति राष्ट्रीय सम्मेलन 2023 में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी विश्वविद्यालय के वीसी डॉ तपन कुमार शांडिल्य ने भाग लिया। यह सम्मेलन एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटीज, नई दिल्ली और यूनिवर्सिटी ऑफ साइंस एंड टेक्नोलॉजी, मेघालय के संयुक्त सौजन्य से मेघालय में आयोजित किया गया था। इस उदघाटन सत्र के मुख्य अतिथि पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद थे। तीन दिवसीय इस राष्ट्रीय सम्मेलन के समापन समारोह के मुख्य अतिथि असम के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया और विशिष्ट अतिथि शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास के राष्ट्रीय सचिव अतुल कोठारी थे। इस राष्ट्रीय सम्मेलन में देश के विभिन्न प्रांतों के कुलपतियों ने भागीदारी दी। इस सम्मेलन में डॉ टीके शांडिल्य ने शिक्षाविदों के आपसी संवाद सत्र में उपरोक्त विषय पर कहा कि केंद्र सरकार द्वारा लागू की गई नई शिक्षा नीति 2020 में वह सारे अवयव मौजूद हैं, जो वर्तमान उच्च शिक्षा को आत्मनिर्भर भारत की ओर अतिशीघ्र रूपांतरित कर देगा। उन्होंने इस संवाद सत्र में इस बात पर विशेष बल दिया कि नई शिक्षा नीति के पाठ्यक्रमों में पारंपरिक पाठ्यक्रमों के अतिरिक्त व्यवसायिक पाठ्यक्रमों पर फोकस है, जो विद्यार्थियों को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक सफल प्रयास होगा।

### पंजीकृत हुआ स्वामी सहजानंद सरस्वती सेवा संघ ट्रस्ट



**रांची।** लंबे समय से सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने वाला 'स्वामी सहजानंद सरस्वती सेवा संघ' शनिवार को रांची के मोराबादी कार्यालय में पंजीकृत हो गया। संगठन के पंजीयन के उपलक्ष्य में संगठन के अध्यक्ष मनोज कुमार ने कहा कि संगठन को अभी और बड़े कार्य करने हैं, जिसके लिए संगठन का पंजीकृत होना और संगठन के नाम से एक बैंक खाता होना आवश्यक था। इसीलिए इसका पंजीयन कराया गया। अब पंजीयन के बाद आसानी से संगठन के नाम से बैंक में खाता खोला जा सकेगा और संगठन के पैसों का हिसाब किताब बहुत आसानी से हो सकेगा। साथ ही संगठन के लोग बढ़-चढ़कर समाजसेवा में अपना योगदान दे सकेंगे। संगठन के ट्रस्ट में अध्यक्ष मनोज कुमार, संयोजक दिलीप कुमार, महासचिव विकास कुमार चौधरी, कोषाध्यक्ष मनीष कुमार पांडे समेत कुल 21 लोग पंजीकृत हुए।

### नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर

**रांची।** लायंस क्लब रांची ग्रेटर एवं लायंस क्लब एकलव्य ग्रेटर के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को धुर्वा गायत्री मंदिर परिसर में महायज्ञ एवं नि:शुल्क चिकित्सा जांच शिविर एवं रक्तदान शिविर आयोजन किया गया। इसमें 30 यूनिट रक्त संग्रह हुआ एवं 500 लोगों की मधुमेह जांच हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता क्लब के अध्यक्ष लायन प्रेमशंकर मिश्रा एवं लायन सुबोध चौधरी एवं संचालन प्रोजेक्ट चेयर पर्सन पीएमजेएफ लायन सुजीत कुमार, लायन श्रवण वर्णवाल, लायन दिनेश वर्णवाल, लायन सीमू रवि दास ने किया।

### लेखिका रश्मि शर्मा की किताब झारखंड से लद्दाख लोकार्पित

**रांची।** झारखंड से लद्दाख में लेखिका के शब्दों के साथ शब्द-शब्द चलते हुए हम उन स्थानों के उसी प्रकार की यात्रा करते दिखाई देते हैं। इस किताब में लेखिका की सौंदर्यपरक दृष्टि के अलावा एक सुविचारित वैचारिक दृष्टि का भी बोध होता है और अनेकानेक स्थलों का सूक्ष्मतापूर्ण अवलोकन एवं उनका रोमांचक वर्णन इसके एक एक शब्द को पढ़ने लायक बनाता है। इस किताब को पढ़ते हुए आप इसकी एक भी पंक्ति को छोड़ते हुए आगे नहीं बढ़ सकते हैं, यही इस किताब का सबसे बड़ा गुण है और भाषा रोचक है तथा कसावट लिए हुए हैं। इस प्रकार यह किताब अपने आप में झारखंड से लेकर लद्दाख तक एक लेखक की विहंगम दृष्टि का भी दस्तावेज है।

### श्री श्याम भंडारे का आयोजन

**रांची।** श्री श्याम मित्र मंडल द्वारा निर्मित व संचालित हरमू रोड़ के श्री श्याम मंदिर में हिन्दू नववर्ष प्रतिपदा से प्रतिदिन विशेष पूजन व अन्य कार्य हो रहे है। श्री श्याम मंदिर में प्रतिदिन हजारों हजार की संख्या में भगतजन पधार रहे है। श्री श्याम मित्र मंडल के पहले महामंत्री श्री विश्वनाथ नारसरिया ने बताया कि मंदिर में बासन्तिक नवरात्र का अनुष्ठान मंदिर के आचार्य संजय पांडे द्वारा विधि विधान से किया जा रहा है। श्री दुर्गा सप्तशती के पाठ व आरती के समय भगतजन शेरावाली मैया के दरबार में मत्था टेक कर अपने परिवार के लिए खुशहाली की प्रार्थना करते है। बासन्तिक नवरात्र के अवसर पर व प्रत्येक शनिवार को हो रहे श्री श्याम भंडारे के क्रम में आज 55 वॉ श्री श्याम भंडारे का आयोजन किया गया।

### आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही है : लोबिन

**रांची।** झारखण्ड राज्य प्रकृति से जुड़ा भारत का वह राज्य है , जो प्रकृति को हर तरीके से पूजा जाता है फिर वो चाहे क्यों न यहाँ की जंगलों की हो या पेड़ पौधों की , फसलों की हो या फिर पहाड़ों-नदियों की। उपरोक्त बातें आज झारखंड बचाओ मोर्चा के मुख्य केंद्रीय संयोजक सह विधायक लोबिन हेंब्रम ने आज मुख्य अतिथि के तौर पर बड़कागढ़ स्टेट सरहुल पूजा जगन्नाथपुर में खतियानी सरना स्थल में कही । इन्होने आगे यह भी कहा की जल जंगल जमीन से परिपूर्ण झारखंड राज्य में आज जल जंगल जमीन की लूट हो रही है और सरकार मुक दर्शक बनी हुई है सीएनटी एसपीटी एक्ट होते हुए भी झारखंड में आदिवासियों की जमीन लूटी जा रही है जंगल काटे जा रहे हैं मगर आज कोई देखने वाला नहीं है इसलिए हमें संकल्प लेना होगा कि जल जंगल जमीन की रक्षा हेतु एवं अपने हक और अधिकार के लिए जिस तरह हमारे पूर्वजों ने जल जंगल जमीन को बचाने के लिए संघर्ष किया था उस संघर्ष को झारखंड राज्य में आज गति देने की आवश्यकता है ताकि हम जल जंगल जमीन की रक्षा कर सके और अपने पूर्वजों के देखे गए सपनों को हम पूरा कर सकें । इस अवसर पर झारखंड बचाओ मोर्चा के केंद्रीय संयोजक विजय शंकर नायक ने कहा श्री सरहुल पर्व प्रकृति पर्व है और झारखण्ड राज्य के लगभग सभी जनजाति एंव मुलवासी समाज प्रकृति से बिलकुल करीब होते हैं।जो हमारे पूर्वजों ने प्रकृति को बचाने के लिए जो रास्ते दिखा कर गए हैं हमें उन रास्तों पर चलकर जल जंगल जमीन एवं प्रकृति की रक्षा करनी होगी तभी हम आने वाले पीढ़ी को प्रकृति से परिपूर्ण झारखंड दे सकते हैं।

स्पीड न्यूज

## रामगढ़ चेंबर चुनाव : बुधिया गुट ने शुरू किया जनसंपर्क अभियान



रामगढ़। रामगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज सत्र 2023–25 के चुनाव में अपनी जीत सुनिश्चित करने को लेकर प्रत्याशियों द्वारा जनसंपर्क अभियान चलाया जा रहा है। उसी को लेकर शनिवार को विमल बुधिया ग्रुप के प्रत्याशियों ने मेन रोड स्थित माता छिन्नमस्तिके मंदिर में पूजा अर्चना के उपरांत जनसंपर्क अभियान आरंभ किया। इस क्रम में विमल बुधिया ग्रुप के प्रत्याशियों ने कुजू के ट्रांसपोर्ट नगर, रांची रोड, नईसराय एवं रामगढ़ के विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया और व्यवसायियों से मिलकर कर विमल बुधिया ग्रुप के सदस्यों को वोट देकर विजय बनाने की अपील किया। मौके पर विमल बुधिया ग्रुप के प्रत्याशियों ने कहा कि इस बार चेंबर में बदलाव की जरूरत है। चेंबर में अच्छे और ईमानदार लोगों की जरूरत है। जो रामगढ़ की जनता और व्यवसायियों के लिए अच्छा काम कर सके। साथ ही व्यवसायियों के सुख दुख में शामिल होकर उनकी समस्याओं को दूर कर सके। कहा कि इसके लिए विमल बुधिया ग्रुप के अमित कुमार सिन्हा, अमरेश कुमार सिंह, अरुण कुमार राय, विमल बुधिया, जितेंद्र कुमार अग्रवाल (जीतू) जितेंद्र प्रसाद (डब्लू) जितेंद्र सिंह पवार, मनोज कुमार मंडल, नंद किशोर गुप्ता उर्फ नंदू बाबू, नीरज सिंह, निलेश कुमार गुप्ता, रवि शंकर चौरसिया, विजय कुमार मेवाड़, विकास सेठी (जैन), विनोद कुमार पंकज को आप वोट देकर विजय बनाएं।

## एक्साइज शॉपी से डेढ़ लाख की चोरी




भुरकुंडा (रामगढ़)। मेन रोड भुरकुंडा पेट्रोल पंप स्थित एक्साइज शॉपी नामक बैटरी दुकान का एस्बेस्टस तोड़कर बीती रात्रि चोरो ने लगभग डेढ़ लाख रुपये के बैटरी, इंवटर व अन्य समानो की चोरी कर ली है। मामले पर सेंट्रल सौंदा निवासी सह दुकान के संचालक अमित कुमार पांडेय उर्फ बिट्टू ने बताया कि प्रत्येक दिन की तरह मेरे दुकान के केयर टेकर सह इलेक्ट्रिशियन गौतम उर्फ बबलू ने शनिवार की सुबह 9 बजे दुकान खोला तो देखा कि दुकान का एस्बेस्टस टूटा हुआ है और कई बैटरी व इंवटर गायब है। उसने चोरी की घटना की जानकारी मुझे दी। इसके बाद मैंने घटना की सूचना भुरकुंडा पुलिस को दी गई। जानकारी के बाद भुरकुंडा ओपी के एसआई अमित कुमार व एएसआई परमहंस सिंह मेरे दुकान पहुंचकर पूरे मामले की जानकारी ली। दुकान संचालक अमित पांडेय ने बताया चोरो ने छोटा-बड़ा मिलाकर 20 बैटरी और 5 इंवटर आदि समानो की चोरी कर ली है। जिसकी कीमत करीब डेढ़ लाख रूपया होगी। पुलिस पूरे मामले की छानबीन करते हुए चोरों के घर-पकड़ के लिए छापामारी में जुटी है।

## सरहुल में झलकती है झारखंड की संस्कृति



भुरकुंडा (रामगढ़)। सरहुल के अवसर पर तीन नंबर झोपड़ी में शुक्रवार रात सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ बतौर मुख्य अतिथि बड़कागांव विधायक अंबा प्रसाद, विशिष्ट अतिथि भुरकुंडा पंचायत के मुखिया अजय पासवान, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, युवा कांग्रेस के बड़कागांव विधानसभा अध्यक्ष जयंत तुरी, पूर्व मुखिया सभाष दास उर्फ काला बाबू व रेणुका देवी ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। विधायक अंबा प्रसाद ने कहा कि सरहुल में झारखंड की सभ्यता व संस्कृति झलकती है। सरहुल हमें जल, जंगल, जमीन व संस्कृति की रक्षा का भी संदेश देता है। उन्होंने बच्चों की प्रतिभा को सराहते हुए कहा कि ऐसे आयोजनों से आपसी भाईचारगी तो बढ़ती ही है बच्चों की प्रतिभा भी निखरकर सामने आती है। साथ ही लोगों को मनोरंजन करने का मौका मिलता है।

## अनुभव कला केंद्र में लगा पेंटिंग प्रदर्शनी



हजारीबाग। शहर के गांधीनगर, मटवारी स्थित अनुभव कला केंद्र में पेंटिंग प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। प्रतिभागियों ने प्राकृतिक वातावरण, देवी देवता और जीव जंतु पर आधारित एक से बढ़कर एक चित्र बनाकर कई संदेश दिए। प्रदर्शनी का आयोजन रविवार को भी किया जायेगा। प्रतिभागियों में जागृति, मृदुला, ज्योति, सत्यरूपा, पूनम, रागिनी, स्नेहलता, कुणाल, अभिषेक, दिवाकर ने अपने द्वारा बनाये गए पेंटिंग्स का प्रदर्शन किया। निदेशक विमला देवी ने प्रतिभागियों की हौसला अफजाई की .निदेशक ने कहा कि पेंटिंग्स के माध्यम से मनोभावनाओं को दर्शाया जा सकता है। इससे रचनात्मक और कलात्मक विकास होते हैं। कहा कि शिक्षण के साथ अन्य क्रियाकलाप विद्यार्थियों को सर्वगुण संपन्न बनने में मदद करता है. मौके पर कई लोग मौजूद थे।

### स्वास्थ्य मेला का विधायक उमाशंकर अकेला ने किया उद्घाटन, कहा

# नि:स्वार्थ भाव से इलाज करें

खबर मन्त्र संवाददाता



बरही। बरही अनुमंडल अस्पताल परिसर में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला लगा। स्वास्थ्य मेला में बतौर मुख्य अतिथि विधायक उमाशंकर अकेला व विशिष्ट अतिथि के रूप में एसडीपीओ नाजिर अख्तर शामिल हुए। स्वास्थ्य मेले का उद्घाटन विधायक उमाशंकर अकेला, एसडीपीओ नाजिर अख्तर समेत तमाम अतिथियों ने दीपप्रज्वलित कर किया।कार्यक्रम में उपाधीक्षक डॉ प्रकाश ज्ञानी ने अतिथियों का स्वागत बुके देकर किया। विधायक अपने कार्यकताओं के साथ स्वास्थ्य मेले में लगे स्टाल का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी स्वास्थ्यकर्मियों को निर्देश देते हुए कहा कि आमजनों को स्वास्थ्य के क्षेत्र में निःस्वार्थ भाव से इलाज करें। स्वास्थ्य कर्मियों व आमलोगों को संबोधित करते हुए विधायक श्री अकेला ने कहा कि समृद्ध राज्य में स्वास्थ्य की व्यवस्था आज तक सुदृढ़ नहीं हो पाई है, बावजूद इसके स्वास्थ्य के क्षेत्र में राज्य सरकार बेहतर काम कर रही है। कहा कि सत्र के दौरान उन्होंने कहा कि एम्स के तर्ज पर प्रत्येक प्रमंडल में अस्पताल का निर्माण हो जाता है तो आमलोगों को काफी सुविधा मिलेगी। स्वास्थ्य को बेहतर करने को लेकर वह लगातार मुखर रहे है। मौके पर डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, डॉ मृत्युंजय, डॉ शफीक, डॉ प्रवीण, डॉ एजाज, डॉ मेराजुल इस्लाम, डॉ पवन, विस विधायक प्रतिनिधि छट्टू गोप, प्रमुख मनोज रजक, डॉ निजामुद्दीन अंसारी, सामाजिक कार्यकर्ता भगवान केशरी, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, कोनरा मुखिया यास्मीन तब्बसुम, बेन्दगी मुखिया सिकंदर राणा, सुनील साहू, मो वारिस अंसारी, कांग्रेस सेवा दल प्रखंड अध्यक्ष शरीफुल हक सहित अन्य स्वास्थ्यकर्मी मौजूद थे।

# रामगढ़ : रामनवमी में डीजे पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा : एसडीओ

खबर मन्त्र संवाददाता

### सीसीटीवी व ड्रोन से जुलूस की होगी निगरानी



रामगढ़ । रामनवमी को लेकर शनिवार की शाम रामगढ़ थाना परिसर में शांति समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य रूप से रामगढ़ एसडीओ मो जावेद हुसैन, एसडीपीओ किशोर कुमार रजक,सीओ सुधीर कुमार, रामगढ़ थाना प्रभारी इंस्पेक्टर विद्याशंकर मौजूद थे। एसडीओ मो जावेद हुसैन की अध्यक्षता में हुई शांति समिति की बैठक में एसडीओ ने बैठक में मौजूद सभी लोगों से आपसी भाईचारगी के साथ शांति व सौहार्दपूर्ण वातावरण में रामनवमी मनाने व प्रशासन को सहयोग करने की अपील की।

एसडीओ ने कहा कि कोर्ट के निर्देशों का अक्षरशः पालन लोगों को करना है। पर्व एवं जुलूस के दौरान विधि व्यवस्था को लेकर सीसीटीवी व ड्रोन कैमरे की मदद से विधि व्यवस्था पर प्रशासन पैनी नजर रखेगी। अखाड़ा समिति के लोगों से उन्होंने लाइसेंस के लिए जल्द से जल्द आवेदन जमा करने की अपील की। ताकि अगला मंगला जुलूस से पहले सभी अखाड़ों को लाइसेंस उपलब्ध कराया जा सके। उन्होंने कहा कि लोग सोशल मीडिया पर ध्यान न दें। साथ हीं सोशल मीडिया पर ऐसा कोई पोस्ट न करें जिससे सांप्रदायिक सौहार्द्र बिगड़े और प्रशासन को कठोर कदम उठाने के लिए विवश होना पड़े। जुलूस के निकलने व वापस लौटने तक मस्जिदों के आसपास पुलिस बल की तैनाती करने की मांग रखी। जिसे प्रशासन ने स्वीकार किया। साथ हीं सभी लोगों से अपने-अपने क्षेत्र में नशाखोरी पर रोक लगाने की अपील की गई। लोगों ने प्रशासन से जुलूस के दौरान एंबुलेंस, चिकित्सा सुविधा जगह जगह पर उपलब्ध कराने की मांग रखी। एसडीओ ने उनकी सभी मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया। बैठक में विजय कुमार पासवान, नीरज मंडल, महेश ठाकुर, मोहम्मद मुमताज अंसारी, धनंजय कुमार पुटूस, कमल बगड़िया, अजीत गुप्ता, छोटू वर्मा ,दीपक मिश्रा ,छोटू पटेल, कार्तिक महतो, दिवाकर प्रसाद सिंह, संतराज पासवान ,सूरज कुमार पासवान ,प्रयाग महतो ,जितेंद्र ,तुलेश्वर कुमार पासवान, बिहारी पासवान, सुजीत कुमार ,गणेश महतो ,हरिचरण महतो ,मेवालाल महतो, नीरज कुमार पासवान ,उत्तम पासवान, हरेंद्र कुमार राय ,मुकेश यादव, विजय पासवान, मिथुन पासवान आदि शामिल हुए।

## शिविर में 20 किसानों ने खुलवाया खाता

कटकमसांडी। कंडसार पंचायत भवन के प्रांगण में मुखिया बीणा देवी की अध्यक्षता में प्रधानमंत्री किसान निधि योजना के तहत किसान वर्ग के लोगों को दो हजार रुपये उनके बैंक खाते में जो जाता था। जिसमे कुछ वैसे किसान जिनको प्रधानमंत्री किसान निधि योजना के तहत दो चार किस्त मिला हो।और आगे आज तक नहीं मिल पा रहा है, तो उसके लिए सरकार गाइडलाइन के तहत आज इस शिविर में पहुँचकर पोस्ट ऑफिस में अपना एक खाता खुलवाकर लाभुक किसान इनका फायदा उठा सकते हैं। जिनका आधार सीडिंग नही हुआ है। वैसे इस शिविर में लगभग 20 लाभुक किसान अपना-अपना खाता खुलवाए। प्रधानमंत्री किसान निधि योजना में नए किसान को जोड़ने का प्रावधान नही है। इस अवसर पर मुखिया बीणा देवी, उपमुखिया राकेश कुमार सिंह, पूर्व मुखिया रामकुमार मेहता, प्रखंड कृषि पदाधिकारी अनिराम माहतो, अनिकेत तुड़वार, जनसेवक मुजफ्फर हुसैन, मिनहाज अली, कृषक मित्र शशि मेहता, विजय मिश्रा, बिरेन्द्र ओझा, प्रमोद मेहता, मनोज मेहता, मदन मेहता, रंजीत सिंह व अन्य उपस्थित थे।

# केदारनाथ मंदिर की तर्ज पर फूलों से सजा मां छिन्नमस्तिके का दरबार

कृष्णा करमाली



रजरप्पा। वासंतिक नवरात्र में उत्तर भारत के प्रसिद्ध सिद्धिपीठ मां छिन्नमस्तिका रजरप्पा मंदिर को केदार नाथ मंदिर की तर्ज पर फूलों से आकर्षक रूप से सजाया गया है। मनमोहक और खुशबूदार फूलों की सज्जा देखते ही बन रही है। खूबसूरती शाम में देखने को मिलती है जब रंगीन रोशनी से माता का दरबार काफी आकर्षक नजर आता है। मंदिर की सजावट के साथ ही भक्तों की भीड़ बढ़ने लगी है। सुबह हो या शाम बड़ी संख्या में भक्त यहां पहुंचने लगते हैं. सभी माता के दर्शन कर खूबसूरती को दूर से कैमरे में कैद भी करते है. रजरप्पा मंदिर में यूं तो सालों भर भक्तों का तांता लगा रहता है लेकिन नवरात्र के समय श्रद्धालुओं की संख्या में वृद्धि हो जाती है. लोगों का मानना है कि नवरात्र में मां का दर्शन मनोकामना को पूर्ण करता है. यही वजह है कि कई ऐसे श्रद्धालु है जो यहां पहुंचकर 9 दिनों का पाठ, पूजा और हवन करते हैं। शनिवार की सुबह माता का मंगला आरती हुई एवं शाम को विशेष श्रृंगार किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालु माता के दर्शन के लिए पहुंचे। मंदिर के पुजारी लोकेश पंडा व छोटू पंडा ने बताया कि प्रतिदिन सुबह भक्तों के लिए मंदिर में विशेष तौर पर पूजा-अर्चना का कार्यक्रम किया जाता है। सुबह-शाम भक्तों की भीड़ दर्शनों के लिए मंदिर भवन में पहुंच रही है। वहीं, माता रानी के चौथे स्वरूप मां कूष्मांडा देवी की पूजा अर्चना हुई। मान्यता है कि जो मनुष्य सच्चे मन से और संपूर्ण विधिविधान से मां की पूजा करते हैं, उन्हें आसानी से अपने जीवन में परम पद की प्राप्ति होती है। यह भी माना जाता है कि मां की पूजा से भक्तों के समस्त रोग नष्ट हो जाते हैं।

## निजी क्षेत्र में 75 % स्थानीय लोगों को मिले नौकरी : डीसी



रामगढ़। झारखंड के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के लिए नियोजन अधिनियम 2021 का अनुपालन सुनिश्चित कराने को लेकर शनिवार को उपायुक्त माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में समाहरणालय सभाकक्ष में बैठक हुई। बैठक में जिला नियोजन पदाधिकारी द्वारा झारखंड राज्य के निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के लिए नियोजन अधिनियम 2021 के विभिन्न प्रावधानों की विस्तार से जानकारी दी गई। इस दौरान उपायुक्त ने बैठक में उपस्थित अंचल अधिकारियों को उक्त अधिनियम का अनुपालन सुनिश्चित कराने को लेकर जल्द से जल्द अंचल स्तर पर निजी क्षेत्र के संचालकों के साथ बैठक आयोजित करने का निर्देश दिया। मौके पर उपायुक्त ने कहा की 40000 तक के मानदेय वाले वैसे सभी निजी क्षेत्रों के प्रतिष्ठान( होटल, शॉपिंग मॉल आदि) जहां 10 या 10 से अधिक व्यक्ति नियोजित हो उनमें 75% कर्मियों का झारखंड राज्य से होना आवश्यक है। इसके लिए व्यापक प्रचार प्रसार कर निजी क्षेत्र के संचालकों का पंजीकरण कराया जाए मौके पर उपायुक्त ने विभिन्न माध्यमों से निजी क्षेत्र के संचालकों का एचटीटीपीः//झारनियोजन.झारखंड.गोव.इन/ पोर्टल पर निबंधन सुनिश्चित कराने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश अधिकारियों को दिए।

# उपासना का पर्व है सरहुल : लोबिन हेंब्रम





भुरकुंडा (रामगढ़)। रिभर साईड भुरकुंडा स्थित सरना स्थल में शनिवार को केन्द्रीय मिलन सरहुल पूजा समिति के तत्वावधान में सरहुल मिलन समारोह हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष संतोष मांझी एवं संचालन समिति के सचिव संतोष उरांव ने किया। महोत्सव में बतौर मुख्य अतिथि पूर्व मंत्री सह विधायक लोबिन हेम्ब्रम, विशिष्ट अतिथि विधायक अम्बा प्रसाद, झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया, आजसू के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी, पूर्व जिप उपाध्यक्ष मनोज राम, मुखिया अजय पासवान, किसान बेरोजगार संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय संयोजक पंकज महतो, पूर्व पार्षद दर्शन गंझू व झरी मुंडा, जनार्दन पासवान, विष्णु कुमार आदि शामिल हुए। हेम्ब्रम ने कहा कि सरहुल प्रकृति के उपासना का पर्व है। इसमें झारखंड की सभ्यता व संस्कृति झलकती है। उन्होंने कहा कि सरहुल भाईचारगी और प्रेम का संदेश देता है। विधायक अम्बा प्रसाद ने कहा कि सरहुल झारखंड की संस्कृति की पहचान है। उन्होंने लोगों को पेड़ों की कटाई नहीं करने सहित अपने जीवन काल में कम से कम एक पौधा जरूर लगाने की अपील की। झामुमो के केंद्रीय सचिव संजीव बेदिया ने कहा कि पेड़-पौधों की सुरक्षा हमसबों को दायित्व है। उन्होंने कहा कि सरहुल जल, जंगल, जमीन व संस्कृति की रक्षा का भी संदेश देता है।

### गाजे-बाजे के साथ भुरकुंडा में निकली भव्य शोभा यात्रा

शोभा यात्रा में समिति के संस्थापक पीटर नाग, विश्वनाथ करमाली, संरक्षक दर्शन गंझु, पात्रिक मिंज, मिथलेश टुड्डू, संजय लिंडा, श्रीनाथ करमाली, समिति के अध्यक्ष संतोष मांझी, कार्यकारी अध्यक्ष रितिका भोक्ता, उपाध्यक्ष देवकुमार बेदिया, सेरोफिना एक्का, छोटा राजन, गुलाब करमाली व रोहित बेदिया, महासचिव राजाबाबू मुंडा, सचिव संतोष उरांव, सहसचिव रासेल तिग्गा, कजरू गंझू, तारनी बेदिया, संतोष बेदिया व राजू मुंडा, कोषाध्यक्ष मनोज मुंडा व देवशरण मुंडा, राजा करमाली, आदेश करमाली सहित दर्जनों सरना धर्मावावलंबी शामिल थें।

एक नजर में

## शांतिपूर्वक मनाएं रामनवमी : एसडीपीओ



बरही। थाना परिसर में रामनवमी पर्व जो शांति व सौहार्ध्यपूर्ण तरीके से मनाने को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो व संचालन इंस्पेक्टर सह थाना प्रभारी ललित कुमार ने किया। जनप्रतिनिधियों के अलावा आस–पास के ग्रामीण, अखाड़ा कमिटी के लोग बैठक में मौजूद रहे। बैठक में एसडीओ पूनम कुजुर, एसडीपीओ नाजिर अख्तर, कोबरा वाहिनी 203 के द्वितीय कमान अधिकारी गंगवाने कैलाश मुख्य रूप से मौजूद रहे। बैठक में शांति की अपील के साथ–साथ जनप्रतिनिधियों को चौकन्ने रहने की बात कही गई। एसडीओ पूनम कुजुर ने कहा कि किसी भी अफवाह पर लोग ध्यान न दें, किसी भी प्रकार की सूचना मिलने पर पुलिस–प्रशासन को इसकी सूचना दें। एसडीपीओ नाजिर अख्तर ने आये हुए सभी लोगों से कहा कि रामनवमी आस्था का पर्व व प्रेम और भाईचारे का संदेश देता है। पर्व के दौरान विधि व्यवस्था को संभालने के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मी, एंबुलेंस की व्यवस्था किया गया हैं। जुलूस के दौरान हुड़दंग मचाने वालों पर पुलिस प्रशासन के द्वारा चिन्हित कर कड़ी कारवाई की जाएगी। शांति समिति की बैठक में सीओ अरविंद देवाशीष टोप्पो, बीडीओ क्रिस्टीना रिचा इंदवार, डीएस डॉ प्रकाश ज्ञानी, पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी ललित कुमार, रामनवमी महासमिति अध्यक्ष रमेश ठाकुर, प्रमुख मनोज रजक, उपप्रमुख देवलाल कुशवाहा, डॉ निजामुद्दीन अंसारी, 20 सूत्री अध्यक्ष इकबाल रजा, विस विधायक प्रतिनिधि छट्टू गोप, सांसद प्रतिनिधि अर्जुन साव, सद्भावना विकास मंच अध्यक्ष राजसिंह चौहान, पूर्व जीप प्रतिनिधि मो क्यूम, कांग्रेस प्रखण्ड अध्यक्ष अब्दुल मनान वारसी, प्रखण्ड विधायक प्रतिनिधि सुनील साहू, विहिप जिला सहमंत्री गुरुदेव गुप्ता, महिला थाना प्रभारी स्वीटी कुमारी, मुखिया राजेन्द्र प्रसाद, सुरेंद्र रजक, विशेश्वर यादव, मनोज कुमार, मो ताजुद्दीन समेत सभी रामभक्त अखाड़ा समिति के पदाधिकारी, सदस्य व शांति समिति के सदस्य मौजूद रहे।

## दारू : 284 छात्रों ने दी गणित की परीक्षा

दारू। सरस्वती उच्च विद्यालय दारू दसवी की परीक्षा केंद्र बनाया गया है जहां पर झारखंड एकेडमिक काउंसिल द्वारा आयोजित दसवीं की परीक्षा शांतिपूर्वक संचालित किया जा रहा है।इस केंद्र में शनिवार को गणित की परीक्षा हुई जिसमें कुल 287 छात्र छात्राओं में 284 शामिल हुए ।इस विद्यालय के प्रधानाध्यापक रामेश्वर प्रसाद ने बताया कि इस केंद्र में टाटीझरिया, डूमर धरमपुर,कोल्हू और दिग्वार उच्च विद्यालय के छात्र छात्राएं परीक्षा दे रहे है।पुलिस बल की मौजूदगी में यहां शांति पूर्वक परीक्षा संचालित हो रही है।

## पर्व में अफवाहों पर नहीं दें ध्यान : सीओ

पदमा। थाना परिसर में दिन शनिवार को रामनवमी पूजा को लेकर शांति समिति का बैठक आयोजित किया गया। बैठक की अध्यक्षता पदमा अंचल अधिकारी मोजाहिद अंसारी एवं संचालन थाना प्रभारी ने किया। बैठक में मुख्य रूप से बरही सर्कल इंस्पेक्टर जगलाल मुंडा पदमा प्रखंड विकास पदाधिकारी मनीष कुमार उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता कर रहे हैं अंचल अधिकारी ने बताया कि डीजे पर पूर्ण रूप से प्रतिबंध रहेगा अफवाह पर ध्यान नहीं देने की बात कही प्रखंड विकास पदाधिकारी ने कहां कि फेसबुक या व्हाट्सएप के माध्यम से अफवाह फैलाने वालों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई की जाएगी। सर्कल इंस्पेक्टर ने कहा कि घर के छोटे–छोटे बच्चों के जेब में घर पता एड्रेस मोबाइल नंबर लिखकर डालें ताकि कहें बच्चे बिछड़ जाए तो तुरंत मिल सके। मौके पर कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष गौतम मेहता विधायक प्रतिनिधि सह मुखिया अनिल मेहता रवि पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुनील मेहता मोहम्मद सुल्तान खान बंदरवेला पंचायत के मुखिया विजय मेहता सूरजपुरा पंचायत समिति सदस्य कुलदीप रविदास सूरजपुरा पंचायत के मुखिया सीताराम मेहता कुटीपीसी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि विजय मेहता कुर्ती पीसी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य कामेश्वर प्रसाद मेहता संदीप सिंह नारायण यादव रोमी पंचायत के पंचायत समिति सदस्य शारदा देवी पिण्डारकौन पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि प्रभु मेहता मोहम्मद लतीफ राजेश कुमार सिकंदर कुमार संदीप कुमार चुनु कुमार सुरेंद्र गुप्ता रामानंद गिरी आदि लोग उपस्थित थे।

## नहाय खाय के साथ चैती छठ शुरू ,खरना आज

चरही। शनिवार को नहाय–खाय के साथ चार दिवसीय आस्था का महान पर्व चैती छठ शुरू हो गया है। व्रतियों ने विभिन्न जलाशयों में स्नान कर प्रसाद के रूप में कद्दू भात का ग्रहण किया ।यह कार्यक्रम संपन्न होते ही व्रतीगण खरना की तैयारी में जुट हैं ।क्षेत्र के चारों ओर छठ गीतों से गुंजायमान हो गया है ।इस गीत से पूरा कोयलांचल भक्तिमय हो गया है ।सोमवार को व्रतियों ने अस्तगामी भगवान भास्कर का विभिन्न जलाशयों में अर्घ्यदान करेंगे ।तथा मंगलवार को अहले सुबह उदयगामी भगवान सूर्यदेव का अर्घ्यदान करेंगे ।इसी के साथ व्रती गण इस महान पर्व को समापन करते हुए पारण करेंगे।

## रूद्र चंडी महायज्ञ में 29 को भव्य महाआरती



बड़कागांव। प्रखंड के ग्राम अंबाजीत में 22 मार्च से प्रारंभ हुई रूद्र चंडी महायज्ञ में 29 मार्च को संध्या 6 :00 बजे से भव्य महाआरती का आयोजन किया गया है। रूद्र चंडी महायज्ञ बनारस से आए हुए 21 वैदिक को द्वारा संचालित किया जा रहा है। इस महाआरती को काशी दशाश्वमेध घाट के आचार्यों के द्वारा संपन्न कराया जाएगा। जिस तरह से गंगा मैया की नित्य आरती होती है उसी की झलक यज्ञ के आरती में भी देखने को मिलेगी। जिस आरती में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू ,गृह मंत्री अमित शाह जैसे महान लोग भाग ले चुके हैं उन्हीं आचार्यों द्वारा वही आरती का भव्य आयोजन होगा जिसमें आचार्य धनंजय पांडे के दिशा निर्देश में काशी से आए हुए 21 वैदिक के द्वारा आरती किया जाएगा। बताते चलें कि 22 मार्च के जल यात्रा के साथ ग्राम अंबाजीत में रुद्र महायज्ञ का आयोजन किया गया है जिसकी पूणाहुति 30 मार्च को होगी महायज्ञ में प्रतिदिन शाम को भंडारे का आयोजन भी किया गया है वही 30 मार्च को भव्य भंडारे का आयोजन होना है। महायज्ञ में प्रतिदिन साध्वी प्रज्ञा का संध्या 8 :00 रात्रि से प्रवचन होता है जो 29 मार्च तक चलेगा जिसका सीधा प्रसारण साधना चैनल में किया जा रहा है। वही चौबीसों घंटे हरि कीर्तन में बंगाल से आए हुए महिला मंडली द्वारा हरि कीर्तन किया जा रहा है ।महायज्ञ आचार्य धनंजय पांडे,रणधीर पांडे, निर्भय शंकर, आशुतोष दुबे,अमरनाथ चौबे,नितेश दुबे, विजय तिवारी आदि पंडितों द्वारा किया जा रहा है। वही यज्ञ को सफल बनाने में यज्ञ समिति अध्यक्ष गोपीनाथ सिंह, सचिव अशोक सिंह, उपाध्यक्ष परमानंद दास, कोषाध्यक्ष राम पदारथ सिंह, ग्राम अध्यक्ष अजय सिंह, सचिव अवधेश सिंह, कोषाध्यक्ष निर्भय कुमार, पुजारी अरविंद सिंह, रवि सिंह, प्रफुल्ल सिंह, विवेक सिंह, देवकांत सिंह, भंडारी पारस नाथ सिंह, शक्ति सिंह ,मैनेजर सिंह, जय कांत सिंह,विनोद सिंह सहित समस्त ग्रामीणों की अहम भूमिका है।

# समाज के अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाना सरकार का लक्ष्य : बन्ना गुप्ता

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चाईबासा।** शनिवार को चाईबासा के गांधी मैदान में प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन हुआ। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सूबे के स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता शामिल हुए। चाईबासा से प्रखंड स्वास्थ्य मेला का राजकीय समारोह की शुरूआत की गई। इस दौरान उपायुक्त अनन्य मित्तल एवं सिविल सर्जन डा. साहिर पाल मंच पर मौजूद रहे। समारोह के दौरान स्वास्थ्य मंत्री एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा 45 सहिया को गोल्डन, सिल्वर एवं ब्रांज ट्रॉफी/मैडल प्रदान कर प्रोत्साहित किया गया। साथ ही कुपोषण उपचार केंद्र में इलाजरत बच्चों के बीच वस्त्र, टीवी मरीज के बीच पोषाहार किट्स, 6 दिव्यांग जनों के बीच ट्राईसाइकिल/व्हीलचेयर/ श्रवण मशीन का वितरण तथा 129 रक्तदान शिविर के आयोजन में सक्रिय भूमिका निभाने वाले समाजसेवी शहर के रितेश मुंद्रा को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस दौरान आयोजन स्थल पर जिला स्तरीय सहिया सम्मेलन का भी आयोजन किया गया। समारोह के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार समाज के अंतिम पायदान पर रहने वाले व्यक्तियों तक स्वास्थ्य की सुविधा मुहैया करवाने के लिए लगातार प्रयासरत है और प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला का आयोजन उसी महत्वाकांक्षी पहल का एक माध्यम है। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार के द्वारा सर्वजन पेंशन योजना के माध्यम से राज्य के सभी वर्गों के अहतार्धारी लाभुकों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन से जोड़ने का कार्य भी जारी है। कहा कि सरकार गठन के उपरांत आई कोरोना महामारी के दौरान भी झारखंड की सरकार हमेशा अपने प्रदेश वासियों को सहयोग पहुंचाने के लिए तत्पर रही और आज भी विभिन्न जनकल्याणकारी एवं स्वास्थ्य योजनाओं के माध्यम से क्षेत्र में बेहतर स्वास्थ्य प्रबंधन का कार्य किया जा रहा है। स्वास्थ्य मंत्री के द्वारा स्वास्थ्य के क्षेत्र में लगातार अपनी सेवा दे रहे राज्य के सभी चिकित्सकों, स्वास्थ्य कर्मियों, पारा मेडिकल कर्मियों, सहियाओं, एमपीडब्ल्यू समेत जिला प्रशासन को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि आप सभी लोगों के उत्कृष्ट सेवा भाव के बदौलत ही महामारी के दौरान भी हम लोगों तक स्वास्थ्य सेवाओं को पहुंचाने में सफल रहे। समारोह के दौरान स्वास्थ्य मंत्री ने कोरोना संक्रमण से भी सतर्क रहने का अपील की। समारोह के दौरान उपायुक्त द्वारा विगत एक वर्ष में जिला अंतर्गत स्वास्थ्य सेवा तहत संपादित कार्यों से संबंधित जानकारी दी। बताया कि सदर अस्पताल चाईबासा में संचालित एसएनसीयू में 615 बच्चों का सफलतापूर्वक इलाज हुआ है, साथ ही जिला निधि से जिला प्रशासन द्वारा कक्ष में 10 बेड की संख्या में बढ़ोतरी की गई है। विदित हो कि झारखंड राज्य में 25 मार्च 2023 से 29 मार्च 2023 तक सभी प्रखंडों में आयोजित प्रखंड स्तरीय स्वास्थ्य मेला के दौरान सभी प्रकार के गैर संचारी एवं संचारी रोगों का स्टॉल के माध्यम से जांच एवं उचित इलाज किया जाना है। पश्चिमी सिंहभूम जिले में आज शुभारंभ के दिन सदर चाईबासा, झींकपानी, जगन्नाथपुर व गोईलकेरा प्रखंड में स्वास्थ्य मेला का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम में ज़िला परिषद अध्यक्ष सुश्री लक्ष्मी सुरेन, सांसद प्रतिनिधि त्रिशानु राय समेत विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मी उपसथित रहे।




## पेयजल समेत विभिन्न कल्याणकारी योजनाएं लाभुकों के पहुंचाये : डीसी

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** जिला समन्वय समिति की बैठक शनिवार को समाहरणालय परिसर में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता डीसी रविशंकर शुक्ला ने किया। इस अवसर पर डीसी ने निर्देश दिया कि दिव्यांगजनों के लिए कैम्प का आयोजन कर प्रमाण पत्र-निर्गत किया जाये। जानकारी दी गई कि सर्वजन पेंशन योजना के तहत वर्तमान में 1,16,223 लाभुकों को लाभ दिया जा रहा है। डीसी ने योग्य लाभुकों को चिन्हित करते हुए सर्वजन पेंशन योजना का लाभ दिलाने का निर्देश दिया। सावित्रीबाई फुले किशोरी समृद्धि योजना के लिए 29600 लाभुकों को योजना से आच्छादित करने का लक्ष्य प्राप्त है। प्राप्त लक्ष्य के आलोक में 29675 आवेदन स्वीकृत किये गए हैं। 29606 लाभुकों के खाते में राशि हस्तांतरित कर दिया गया है। पशुधन विकास योजना की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि सभी स्वीकृत आवेदनों की राशि जल्द से जल्द लाभुक के खाते में हस्तांतरित करना सुनिश्चित करें। बैठक में जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए उन्होंने निर्देश दिया कि आंगनबाड़ी केंद्र में योजना के तहत पेयजलापूर्ति सुनिश्चित करें। जल जीवन मिशन के सर्टिफिकेशन का कार्य मिशन मोड में पूरा करें। बैठक में झारखण्ड कृषि ऋण माफी योजना, मुख्यमंत्री सुखाड़ राहत योजना, अमृत सरोवर योजना, किसान क्रेडिट कार्ड, निजी क्षेत्र में स्थानीय उम्मीदवारों के नियोजन, मनरेगा, प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण, मुख्यमंत्री रोजगार सृजन योजना, प्री-मैट्रिक छात्रवृत्ति आदि की समीक्षा की एवं प्राप्त लक्ष्य के अनुरूप कार्य करने का निर्देश दिया।



बैठक करते डीसी व अन्य

## बंदगांव प्रमुख ने कई सरकारी योजनाओं का किया निरीक्षण



**खबर मन्त्र संवाददाता**

**चक्रधरपुर।** बंदगांव प्रखंड प्रमुख पीटर घनश्याम तियू ने शनिवार को ओटार पंचायत में चल रहे विभिन्न सरकारी योजनाओं का निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में विद्यालय जीणोद्धार, मनरेगा योजना से संचालित योजनाएं ,जन वितरण प्रणाली की दुकान एवं ओटार जाने वाले आरईओ सड़क से डांगोसाई कालीकरण सड़क का निरीक्षण किया। उन्होंने सड़क निर्माण कार्य को समय पर पूर्ण करने एवं गुणवत्तापूर्वक कार्य करने का निर्देश दिया। इसके साथ ही जन वितरण प्रणाली की दुकान में उन्होंने कहा कि समय पर सभी लोगों को खाद्यान्न की सुविधा उपलब्ध कराया जाए। जिससे गरीब लोगों को सरकारी योजना का लाभ मिल सके। उन्होंने कहा स्कूल जीर्णोद्धार कार्य में गुणवत्ता की कमी में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कहा विद्यालय का मंदिर स्कूल होता है। यहां काफी संख्या में बच्चे पढ़ते हैं, इसलिए स्कूल भवन का निर्माण मजबूती से होना चाहिए। उन्होंने कहा वह बराबर क्षेत्र का दौरा कर गुणवत्ता की जांच करते रहेंगे। उन्होंने मनरेगा योजना से संचालित सभी सरकारी योजनाओं को यथाशीघ्र पूर्ण करने का निर्देश दिया।उन्होंने कहा गर्मी का मौसम आ रहा है, कहीं भी नलकूप खराब है तो उसकी सूचना दें।

## अवैध गांजा बरामद, एक धराया, जेल

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**सरैयाहाट।** अवैध गांजा 4 किलो 160 ग्राम के साथ सरैयाहाट पुलिस ने एक को गिरफ्तार कर जेल भेज दी। गिरफ्तार आरोपी देवघर जिले के मोहनपुर थाना क्षेत्र के बांझी गांव निवासी विनोद कुमार मंडल है। जबकि सरैया बस्ती का एक मुख्य गांजा तस्कर बाबूलाल फरार बताया गया। इस मामले में सरैयाहाट थाना में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी जरमुंडी द्वारा प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि थाना प्रभारी विनय कुमार को गुप्त सूचना मिली कि हंसडीहा -देवघर मुख्य मार्ग के रास्ते बाईक से अवैध गांजा तस्करी हेतू ले जा रहा है। तभी थाना प्रभारी ने सूचना का सनहा दर्ज कर एसडीपीओ, जरमुंडी के नेतृत्व में एक छापामारी टीम का गठन किया गया। उक्त सनहा के सत्यापन व आवश्यक कार्रवाई करते हुए सरैयाहाट थाना क्षेत्र के गुरूनाथ पहाड़ी के पास जांच के क्रम में उक्त बाईक को रोकने बोला गया तभी वाहन चालक द्वारा तेजी से भागने का प्रयास किया जाने लगा। पुछताछ वह जांच के दौरान बाईक के डिक्की से अवैध गांजा तथा हैंडल में टंगा झोला से गांजा तौलने वाला इलेक्ट्रॉनिक तुला बरामद किया गया।

पकड़ाये गए उक्त व्यक्ति के निशानदेही पर सरैया बस्ती स्थित बाबूलाल मंडल को खोजा गया परन्तु वह घर से फरार पाया गया। तभी उक्त पकड़ाये गए व्यक्ति के कहने पर बाबूलाल के घर के सामने झोपड़ी से भी अवैध गांजा बरामद किया गया। इससे साफ जाहिर होता है कि बाबूलाल के द्वारा ही पकड़ाये व्यक्ति को अवैध गांजा तस्करी करने के लिए दिया गया था। इस संदर्भ में प्राथमिकी दर्ज कर अनुसंधान किया जा रहा है। फरार अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए छापामारी जारी है।



प्रेसवार्ता कर जानकारी देते एसडीपीओ

## रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की हुई बैठक

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**हंसडीहा।** थाना परिसर में शनिवार को रामनवमी पर्व को लेकर शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में थाना क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों के जन प्रतिनिधियों, पूजा कमेटी के सदस्यों और बुद्धिजीवी वर्ग के लोगों ने भाग लिया। बीडीओ दयानंद जायसवाल की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में पुलिस इंस्पेक्टर अरविंद कुमार, थाना प्रभारी सुगना मुंडा,एसआई सचिन मिश्रा, एएसआई रामनाथ खेरवार, लखवीर सिंह चहल, महंती मुर्मू मुख्य रूप से उपस्थित थे।इस दौरान बीडीओ श्री जायसवाल ने रामनवमी पर्व आपसी भाईचारे के साथ सौहार्दपूर्ण तरीके से मनाने की अपील की। सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक पोस्ट करने एवं अफवाह फैलाने वालो को चिन्हित कर कड़ी करवाई करने की बात कही वहीं उन्होंने वाट्सएप ग्रुप के एडमिन को ऑनली एडमिन मूड में रखने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि अगर किसी को आपत्तिजनक पोस्ट की जानकारी मिलती हैं तो इसकी सूचना अविलंब थाने को दें।पुलिस इंस्पेक्टर अरविंद कुमार ने कहा कि रामनवमी पर्वशांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिये पुलिस प्रशासन तत्पर है। थाना प्रभारी सुगना मुंडा ने कहा कि सभी संभावित स्थानों पर पुलिस तैनात रहेगी व पुलिस का पेट्रोलिंग भी किया जायेगा, असामाजिक तत्वों पर पुलिस की पैनी नजर रहेगी।वहीं उपस्थित लोगों ने बताया कि यहां हर वर्ष शांतिपूर्ण माहौल एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से रामनवमी पर्व मनाया जाता है।



शांति समिति की बैठक करते थाना प्रभारी व अन्य

## विशाल भगवती जागरण में जुटे भक्त, धर्मस्थान मंदिर से निकाली गई माता की ज्योत

**खबर मन्त्र संवाददाता**

**दुमका।** जय माता दी सेवा समिति की ओर से यज्ञ मैदान में शनिवार को विशाल भगवती जागरण का आयोजन हुआ। कलाकारों में प्रसिद्ध टी-सिरिज कलाकार गुलशन बावरा और निशांक नील जमशेदपुर के साथ ही महिला कलाकरो में सरगम स्नेहा बिहार एवं पल्लवी झा धनबाद अपनी सुरिली भक्तिमय गीतों से दुमका के लोगों झुम उठे, तो प्रयागराज की विश्व प्रसिद्ध तरुण चोपड़ा की झांकी जागरण के मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा। इस झांकी मंडली ने एक से बढ़कर एक सुंदर-सुंदर झांकियां भक्तिमय गीतों के बीच-बीच में सम्पूर्ण रात्रि तक प्रस्तुत की गई। जिसमें राधे-कृष्ण की रास लीलाएं, महिशासुर मर्दिनी, महाकाली तान्डव, साईं बाबा के चमत्कारिक दृश्य, ब्रज के फूलों की होली के विहङ्म-दृश्य झांकी के मुख्य आकर्षण रहा। भगवती जागरण शुरू होने से पहले भक्तों ने धर्मस्थान मंदिर से माता का ज्योत यज्ञ मैदान लेकर आए। इसके पहले धर्मस्थान मंदिर में मां काली की भव्य श्रृंगारी की गई। श्रृंगारी के बाद धर्मस्थान मंदिर से माता का ज्योत निकाली गई। यज्ञ मैदान में माता के दरबार में नारियल एवं चुंदरी चढ़ाने वालों की भीड़ उमड़ पड़ी। भगवती जागरण में दूर-दराज से भक्त यज्ञ मैदान पहुंचे हुए थे। भगवती जागरण को लेकर यज्ञ मैदान को भव्य रुप से सजाया संवारा गया है। शहर में भी लाईटिंग की व्यवस्था की गई है। जागरण को सफल बनाने मे मुख्य रूप से अध्यक्ष राजेश राउत, जागरण संयोजक अरुण केशरी, अजय गुप्ता, नयन प्रियदर्शी, संजीव कुमार, अनुज केशरी, दिनेश मंडल, कैलाश केशरी, चन्दन देव, राजेश केशरी सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।





शनिवार को यज्ञ मैदान में सजा माता का दरबार एवं उपस्थित श्रद्धालु।

## स्पीड न्यूज

### पीपुल्स वेलफेयर एसो. का रक्तदान शिविर आज

**चक्रधरपुर।** पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के तत्वावधान में 26 मार्च रविवार को प्रथम रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया है। नगर परिषद कार्यालय के पीछे स्थित विवाह भवन में आयोजित होने वाले शिविर को लेकर आयोजन समिति के सदस्यों ने स्थल का निरीक्षण किया। इस मौके पर पीपुल्स वेलफेयर एसोसिएशन के सचिव डा. विजय सिंह गागराई ने कहा कि शिविर की सारी तैयारी पूरी हो चुकी है। शिविर सुबह 10 बजे प्रारंभ होगी। उन्होंने कहा कार्यक्रम में डीसी, एसपी एवं विधायक तथा गणमान्य लोगों को आमंत्रित किया गया है। उन्होंने कहा शिविर बहुत ही भव्य तरीके से होगा। कहा हमारी संस्था का उद्देश्य जनहित एवं लोकसेवा है। मानव जीवन को बचाने के लिए रक्तदान शिविर लगाया जा रहा है। इस मौके पर विनोद भगेरिया, संस्था के अध्यक्ष खिरोद चंद्र महतो, बाबू महतो, नीतीश महतो, सरोज महतो, मुकरु हेंब्रम समेत संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

### बकाया बिजली बिल वसूली के लिए सक्रिय है विभाग

**चक्रधरपुर।** बिजली बिल की वसूली के लिए विभाग ने कमर कस ली है। इसे लेकर 26 मार्च से 31 मार्च तक चक्रधरपुर एवं मनोहरपुर अवर प्रमंडल अन्तर्गत विभिन्न गांवों में शिविर आयोजित किया जा रहा है। साथ ही चक्रधरपुर और मनोहरपुर में रविवार को भी एटीपी काउंटर मशीन खुला रखा गया है। ताकि उपभोक्ता बकाया बिजली का बिल जमा कर सके। 26 मार्च को गुइगांव, गोपालपुर, नलिता, पूरूणिया पंचायत भवन, हुआगडीह, गोइलकेरा पावर सब स्टेशन, निलाइगोट, सोनुवा, 27 मार्च को कराईकेला, बांझीकुसूम, रोलाडीह, जानुमबेड़ा, कोरेडा, गोइलकेरा पावर सब स्टेशन, सोनुवा व गुदड़ी, 28 मार्च को बंदगांव, केरा, मागुरदा, बासाहातु मध्य विद्यालय, बंदगांव, गोइलकेरा पावर सब स्टेशन, सोनुवा, 29 मार्च को सिमीदीरी, जारकी शिमलाबाद, कुलडा, हथनदा, गोइलकेरा पावर सब स्टेशन, 30 मार्च को कोटसोना, अंगरिया, गोइलकेरा पावर सब स्टेशन, सोनुवा, लोंजो, 31 मार्च को गोपीनाथपुर, लौजोड़ा, तिरला, गोइलकेरा पावर सब स्टेशन, सोनुवा में शिविर आयोजित किया गया है। विद्युत विभाग के कार्यपालक अभियंता अमित खलखो ने उपभोक्ताओं से कहा कि समय से बिजली बिल जमा करें और बेहतर सेवा पाएं। उन्होंने कहा कि अवैध रूप से बिजली का उपयोग करने वाले एवं बिजली बिल बकाया रखने वालों के खिलाफ छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है।

### मारपीट मामले में एक गिरफ्तार, गया जेल

**दुमका।** जमीन विवाद में हुए मारपीट मामले में मुफस्सिल थाना की पुलिस एक को गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दी है। गिरफ्तार आरोपी थाना क्षेत्र के कुका गांव निवासी कारू सिंह उर्फ सोना सिंह है। मामले में बीते 15 फरवरी को दो पक्षों में हुई मारपीट का मामला दर्ज हुआ था। दो पक्षों में हुई मारपीट में एक पक्ष से 5 और दूसरे पक्ष से 3 के खिलाफ पुलिस मामला दर्ज की थी। मामले में फरार आरोपी कारू सिंह को पुलिस गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में जेल भेज दी है।

### महिलाओं के बीच बांटे सेनेटरी पैड व सेनेटराईज

**दुमका।** एएन कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवे दिन शनिवार को जागरूकता अभियान जारी रहा। जागरूकता कार्यक्रम एनएसएस इकाई-1 डॉ चंपक लता कुमारी एवं इकाई -3 के प्रो राजीव रंजन सिंह के नेतृत्व में चयनित गांव हथियापाथर के पूर्वी टोला एवं पश्चिमी टोला में जागरूकता अभियान चलाया। ग्रामीण महिलाओं एवं स्कूली छात्राओं के बीच एनएसएस स्वयंसेवकों ने स्वस्थ एवं स्वच्छ रहने के लिए जागरूक करते हुए महिलाओं और किशोरियों के बीच सेनेटरी पैड एवं सैनिटाइजर का वितरण करते हुए इसकी महत्ता पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम पदाधिकारी ने पैड के बदले अन्य कपड़ों के उपयोग करने से होने वाली बीमारियों के बारे में भी बताया।

## एक नजर में

### एसकेएमयू के एसपी कॉलेज छात्र समन्वय समिति इकाई ने फूंका भाजपा नेता का पुतला

**दुमका।** सिदो कान्हू मुर्मू विश्वविद्यालय छात्र समन्वय समिति के एसपी कॉलेज इकाई ने शनिवार को भाजपा नेता सी. पी सिंह का पुतला एसपी कॉलेज के सामने फूंका। पुतला दहन समन्वय समिति ने समाचार पत्र के प्रथम पृष्ठ पर प्रकाशित संथाली लिपि से संताली भाषा के प्रति भाजपा नेता सी पी सिंह ने तुच्छ शब्दों का प्रयोग करते हुए अपमानित करने का आरोप लगया है। जबकि झारखंड में द्वितीय राजभाषा के रूप में 22 दिसंबर 2003 को संविधान की आठवीं अनुसूची में संथाली भाषा को दर्जा प्राप्त है। समिति ने भाजपा विधायक पर षड्यंत्र के तहत संताली भाषा, लिपि एवं आदिवासी समाज को अपमानित कर भावना को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया है। जिसके लिए आदिवासी छात्रों ने भाजपा विधायक का घोर विरोध करते हुए पुतला दहन किया। इस तरह संताल आदिवासी के भाषा एवं लिपि को अपमानित करने वाले आदिवासी विरोधी मानसिकता वाले विधायक को आदिवासी बहुल राज्य में रहने का कोई औचित्य और अधिकार नहीं है। समन्वय समिति ने भाजपा विधायक को देशभर के संताल आदिवासी समाज से माफी मांगे माफी नहीं मांगने पर विधायकी से स्वतः त्यागपत्र देने का मांग किया। अन्यथा आदिवासी समाज सरकार से विधायक की सदस्यता निरस्त कराने के लिए आंदोलन को बाध्य होने की चेतावनी दी है। इस अवसर पर श्याम देव हेंब्रम, राजीव बास्की, राजेंद्र मुर्मू, बाबूराम सोरेन, विवेक हांसदा, मुनीलाल हांसदा, भीमसेंट सोरेन, सकल हेम्ब्रम, सुबस्टिन हेंब्रम, फ्रांसिस सोरेन, वीरेंद्र किस्कू, संजय किस्कू, दिलीप हेम्ब्रम आदि मौजूद थे।

### खतियानी जोहार यात्रा की तैयारी को लेकर बैठक करते झामुमो

**दुमका।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 5 अप्रैल को जामताड़ा और दुमका में खतियानी जोहार यात्रा पर होंगे। 6 अप्रैल को सीएम दुमका के आउटडोर स्टेडियम में एक सभा को संबोधित करेंगे। खतियानी जोहार यात्रा को लेकर झामुमो तैयारियों में जुट गई है। शनिवार को पार्टी के खिजुरिया स्थित कार्यालय में जिला संयोजक मंडली की हुई। बैठक में जोहार यात्रा की तैयारियों पर चर्चा की गई। पार्टी विधायक बसंत सोरेन की अध्यक्षता में संयोजक मंडली की हुई। बैठक में कार्यक्रम की रूपरेखा पर चर्चा के साथ सदस्यता अभियान की समीक्षा भी की गई। विधायक बसंत सोरेन ने कहा कि सरकार के जन कल्याणकारी कार्यक्रम एवं योजनाओं के साथ ही जोहार यात्रा की तैयारियों पर चर्चा की गई। सीएम के जोहार यात्रा को सफल बनाने के लिए कार्यकर्ताओ को कई दिशा-निर्देश दिया गया है। जानकारी के मुताबिक सीएम के खतियानी जोहार यात्रा जामताड़ा से शुरू होगी। दुमका पहुंचने पर कार्यकताओं ने जगह-जगह पर भव्य स्वागत किया जाएगा। दुमका में 6 अप्रैल को सीएम पुलिस महानिदेशक एवं मुख्य सचिव के साथ तमाम आलाधिकारियों के साथ एक बैठक कर समीक्षा करेंगे। आउटडोर स्टेडियम में एक सभा को संबोधित करेंगे। बैठक में शिव कुमार बास्की, विवेकानंद राउत, असीम मंडल, अशोक चौधरी, अब्दुस सलाम अंसारी, आलोक सोरेन, निशित वरण गोलदार सहित संयोजक मंडली के अन्य सदस्य, केंद्रीय कमेटी सदस्य, प्रखंड अध्यक्ष उपस्थित थे।

### हत्या के अंतिम आरोपी गिरफ्तार, गया भेजा जेल

**हंसडीहा।** थाना कांड संख्या 20/21 के अंतिम हत्यारोपी सोम सोरेन को पुलिस ने गिरफ्तार कर शनिवार को जेल भेज दिया। घटना के संदर्भ में मिली जानकारी के अनुसार मृतक बाबूजी किस्कु द्वारा मवेशी चुराकर बेचने से गुस्साए भतीजे ने अपने दो रिश्तेदारों के साथ मिलकर अपने फुफ्फा बाबूजी किस्कु की हत्या कुदाल से मारकर कर दी थी। जिसके बाद मृतक की पत्नी शिवानी मुर्मू ने गांव के ही अपने तीन रिश्तेदार अंता सोरेन, किशुन सोरेन उर्फ बिजी सोरेन और सोम सोरेन के उपर हत्या की प्राथमिकी दर्ज कराई थी। प्राथमिकी दर्ज होने के बाद पुलिस अंता सोरेन, एवं किशुन सोरेन उर्फ बिजी सोरेन को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। वहीं हत्या में संलिप्त अंतिम आरोपी सोम सोरेन घटना के बाद से ही पुलिस के गिरफ्त से फरार चल रहा था। शुक्रवार को पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी सोम सोरेन अपने घर ओड़ताड़ा गांव में रह रहा है। जिसके बाद केस के अनुसंधान कर्ता एएसआई मशिलाल सोरेन सशस्त्र पुलिस के साथ मिलकर आरोपी युवक के घर दंबिश देकर युवक को गिरफ्तार कर थाना ले आई। जिसे शनिवार को जेल भेज दिया गया।

### अधिवक्ता संघ ने अधिवक्ता पारस के अपर जिला जज के रूप में चयन पर किया सम्मानित

**दुमका।** जिला अधिवक्ता संघ की ओर से झारखंड जिला जज के पद चयनित युवा अधिवक्ता पारस कुमार सिन्हा को सम्मानित किया गया। संघ के उपाध्यक्ष कमल किशोर झा की अध्यक्षता में आयोजित सम्मान समारोह में संघ के महासचिव राकेश कुमार के साथ संघ के पदाधिकारियों ने पुष्प गुच्छ भेंट कर जिला जज के पद पर नव चयनित अधिवक्ता पारस कुमार को नयी जिम्मेदारी को बखूबी निभाने की शुभकामनाएं दी। इस मौके पर वरीय अधिवक्ता और पारस के पिता प्रदीप कुमार सिन्हा पन्ना जी जनार्दन प्रसाद यादव, निशिकांत प्रसाद,संयुक्त सचिव सोमनाथ डे, संघ के सभी पदाधिकारियों के साथ काफी तादाद में अधिवक्ता गण मौजूद थे। महासचिव राकेश कुमार ने कहा कि जिला अधिवक्ता संघ के सदस्य के रुप में करीब एक दशक से अधिक समय समय से जुड़े युवा अधिवक्ता पारस कुमार सिन्हा ने जिला जज के पद नियुक्ति हेतु आयोजित परीक्षा में सफलता का परचम लहराकर दुमका समेत समूचे झारखंड को गौरवान्वित किया है। वहीं जिला जज के पद पर चयनित पारस सिन्हा ने अपना उदगार व्यक्त करते हुए इस सफलता के दुमका जिला बार के सभी सदस्यों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि दुमका मेरी जन्मभूमि और कर्मभूमि रही है। अधिवक्ता संघ के सभी सदस्यों के उत्साह वर्धन और प्रेरणा से वे अपने प्रयास में सफल हुए हैं। इसके लिए संघ के सभी सदस्यों का हृदय से आभारी हूं। कहा कि लक्ष्य साध कर प्रयास किया जाये तो प्रयास करने वाले प्रतिभागियों को सफलता हासिल करने से कोई नहीं रोक सकता है। सम्मान समारोह में पारस के पिता वरीय अधिवक्ता प्रदीप कुमार सिन्हा पन्ना ने अपना उदगार व्यक्त किए।

### एसपी महिला कॉलेज में विश्व यक्ष्मा दिवस पर निबंधन प्रतियोगिता प्रथम रही दीप शिखा

**दुमका।** एसपी महिला कॉलेज के सेमिनार हॉल में विश्व यक्ष्मा दिवस पर शनिवार को जागरूकता कार्यक्रम आयोजित हुई। कार्यक्रम एनएसएस यूनिट 1 और यूनिट 2 के स्वयंसेविकाओं की ओर से आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता प्राचार्या डॉ रीना लकड़ा ने की। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं के बीच निबंध प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। जिसमें एनएसएस छात्राओं ने इसमें बढ़ -चढ़कर हिस्सा ली। प्रतियोगिता के निर्णायक मंडली में भौतिकी विभाग के डा अविनाश शरण एवं जंतु विभाग के डा खुशबू तिग्गा ने अहम भूमिका निभाई। निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर अंग्रेजी सेमेस्टर 1 की दीप शिखा कुमारी, द्वितीय स्थान पर अर्थशास्त्र के सेमेस्टर 2 की छोटी बेसरा एवं तृतीय स्थान पर जंतु विज्ञान के सेमेस्टर 3 की भानुप्रीती कुमारी प्राप्त की। इस अवसर पर टीवी अस्पताल, दुमका के मो कमाल पिंटू, सुदीप कुमार सिंह, कुवर मुर्मू, पिनाकी रंजन की टीम कॉलेज में एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारियों डा नम्रता गौरव एवं डा महाश्वेता द्वारा आमंत्रित किए गए थे। टीम ने ह्लट्यूबरक्लोसिस इनीशिएटिवह्ल पर पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम में डा राकेश कुमार, डा हनीफ, डा ईश्वर मरांडी, डा प्रेमलता मुर्मू, प्रो प्रीती किरण हांसदा एवं अन्य शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित थे।

### सेवानिवृत प्रोफेसर के घर से लाखों की चोरी

**दुमका।** सेवानिवृत प्रोफसर डॉ अशोक कुमार झा के बंद घर से लाखों के जेवरात समेत बर्तन चोरी कर ली। घटना को चोरों ने नगर थाना क्षेत्र के पुलिस लाईन शनिवार को देर रात अंजाम दिया। जानकारी के अनुसार पड़ोस में रहने महिला जब अहले सुबह फूल तोड़ने गई तो मेन गेट का ताला टूटा देखा। जिसके आस-पास के लोगों को सूचना दी। सूचना पाकर पड़ोस में रहने वाले सेवानिवृत प्रोफेसर के घर गये।

# झूठी गारंटी का थैला लेकर घूम रहे कांग्रेस के नेता

## मोदी ने कर्नाटक में लोगों से भाजपा को पूर्ण बहुमत देने की अपील की

### कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष के घर में खिला कमल

एजेंसी

**दावणगेरे (कर्नाटक)।** कर्नाटक में भाजपा नीत सरकार की वापसी की जोरदार पैरवी करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को राज्य के लोगों से पूर्ण बहुमत देकर स्थायी सरकार बनाने की अपील की। राज्य में मई में विधानसभा चुनाव होने हैं। तेजी से विकास को समय की जरूरत बताते हुए उन्होंने कर्नाटक के लोगों से आग्रह किया कि वे राज्य को जोड़-तोड़ की राजनीति से बाहर निकालने में मदद करें। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा राज्य को विकसित भारत की प्रेरक शक्ति बनाना चाहती है, जबकि कांग्रेस इसे अपने नेताओं के खजाने को भरने वाले एटीएम के रूप में देखती है।

मोदी ने कहा कि कर्नाटक ने अवसरवादी और स्वार्थी गठबंधन सरकारों का एक लंबा दौर देखा है। कर्नाटक को ऐसी सरकारों के कारण नुकसान हुआ है। इसलिए, कर्नाटक के तेजी से विकास के लिए, भाजपा को पूर्ण बहुमत और स्थिर सरकार की जरूरत है। विपक्षी दल कांग्रेस पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि उसके नेता चुनाव से पहले झूठी गारंटी का थैला लेकर घूम रहे हैं।



उन्होंने दावा किया कि हिमाचल प्रदेश में चुनाव से पहले कांग्रेस ने जो वादे किए थे, उनका हाल के बजट में जिक्र नहीं किया गया। यहां एक जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने सवाल किया कि जब किसी को पूर्ण बहुमत नहीं मिलेगा, तो क्या कर्नाटक की हालत खराब होगी या नहीं? आप एक मजबूत और स्थिर सरकार चाहते हैं या नहीं? क्या आप पूर्ण बहुमत वाली सरकार चाहते हैं या नहीं? मोदी ने कहा कि पहला काम कर्नाटक को जोड़-तोड़ की राजनीति से बाहर लाना और उसे तेज गति से आगे ले जाना होना चाहिए। विधानसभा चुनाव से पहले भाजपा की राज्यव्यापी विजय संकल्प यात्रा के समापन के अवसर पर आयोजित रैली में मोदी ने लोगों से पूछा कि क्या वे चाहते हैं कि वह उनकी और कर्नाटक की सेवा करें। उन्होंने कहा कि अगर मुझे आपकी सेवा करनी है और आपके लिए कुछ करना है, तो मुझे कर्नाटक में भाजपा की मजबूत सरकार की जरूरत होगी, और आपको भाजपा को जीत दिलानी होगी और इसकी मजबूत सरकार लानी होगी। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के घर में भाजपा का विजय डंका बज गया। ये एक प्रकार से विजय संकल्प रैली का शुभ संकेत है कि विजय यात्रा आरंभ हो चुकी है। यह नतीजा साफ दिखा रहा है कि डबल इंजन सरकार की धमाकेदार वापसी का कर्नाटक ने कर लिया है।

उन्होंने कहा कि आज बेहद ही सुखद संयोग है। एक तरफ विजय संकल्प रैली आज हो रही है तो दूसरी तरफ उसी समय कलबुर्गी, कर्नाटक में... जो कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष की कर्मभूमि है मेयर और डिप्टी मेयर का चुनाव था और कलबुर्गी में भाजपा के मेयर और डिप्टी मेयर जीत गए। उन्होंने कहा कि क्या हम झूठे वादे करने वाली कांग्रेस पर भरोसा कर सकते हैं? क्या उन्हें कर्नाटक के अंदर एक कदम रखने की अनुमति दी जानी चाहिए या उन्हें बाहर निकाल देना चाहिए। उन्होंने कहा कि कर्नाटक के लोगों को सावधान रहना चाहिए और उन्हें अपना खेल खेलने का मौका नहीं देना चाहिए। कांग्रेस के पास देश और कर्नाटक के लिए कोई सकारात्मक एजेंडा नहीं होने का दावा करते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि विपक्षी दल सपने देख रहा है और यहां तक कि सार्वजनिक रूप से कह रहा मोदी तेरी कब्र खुदेगी। उन्होंने कहा कि लेकिन वे नहीं जानते कि कर्नाटक के लोग कह रहे हैं मोदी तेरा कमल खिलेगा।

## ग्रामीण बच्चों को डॉक्टर व इंजीनियर बनते नहीं देखना चाहते हैं विपक्षी दल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भारतीय भाषाओं को समर्थन देने की पर्याप्त कोशिश नहीं करने और उन्हें लेकर खेल खेलने के लिए शनिवार को राजनीतिक दलों पर निशाना साधा और आरोप लगाया कि ये दल गांवों, पिछड़े वर्ग के लोगों एवं गरीबों को चिकित्सक या इंजीनियर बनते नहीं देखना चाहते।

मोदी ने मेडिकल के पेशे में शामिल होने में ग्रामीण एवं गरीब परिवारों के युवाओं के सामने आने वाली चुनौतियों का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि इस बात को समझते हुए भाजपा सरकार ने मेडिकल की शिक्षा में कन्नड़ समेत भारतीय भाषाओं में पढ़ाई का विकल्प मुहैया कराया। मोदी ने कहा कि मैं आपके सामने उस चुनौती का जिक्र करना चाहता हूं, जो मेडिकल पेशे के समक्ष है। इस चुनौती के कारण गांवों से आने वाले, गरीब परिवारों से संबंध रखने वाले और पिछड़े वर्ग के युवाओं के लिए चिकित्सक बनना मुश्किल हो गया था। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने चिक्कबल्लापुर जिले में मुद्देनहल्ली के सत्य साईं ग्राम में निशुल्क सेवाओं के लिए स्थापित मधुसूदन साई इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज एंड रिसर्च का उद्घाटन किया। उन्होंने इस मौके पर कहा कि कुछ दलों ने अपने राजनीतिक स्वार्थ और वोट-बैंक की खातिर भाषाओं को लेकर खेल खेला, लेकिन उन्होंने भाषाओं को सही अर्थों में प्रोत्साहित करने के लिए आवश्यक काम नहीं किए।

# मीसा भारती से इडी ने की पूछताछ

## नौकरी के बदले जमीन घोटाले में तेजस्वी यादव का बयान दर्ज

एजेंसी

नयी दिल्ली। राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की बेटी एवं राज्यसभा सदस्य मीसा भारती रेलवे में नौकरी के बदले जमीन संबंधी कथित घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में शनिवार को यहां प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने पूछताछ की। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। भारती (46) राजद की राज्यसभा सदस्य हैं।

वह पूर्वाह्न करीब 11 बजे मध्य दिल्ली में संघीय एजेंसी के कार्यालय में पहुंचीं। समझा जाता है कि इसके बाद उनका बयान पीएमएलए के तहत दर्ज किया गया। उनके भाई एवं बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव इसी मामले में पूछताछ के लिए शनिवार को दिल्ली में सीबीआई के समक्ष पेश हुए। दोनों केंद्रीय एजेंसियों ने



हाल में इस मामले में कार्रवाई शुरू की थी। सीबीआई ने लालू प्रसाद और उनकी पत्नी एवं बिहार की पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी से पूछताछ की है तथा ईडी ने राजद प्रमुख के परिवार के परिसरों में छापे मारे हैं।

ईडी ने छापेमारी के बाद कहा कि उसने एक करोड़ रुपये की आय के ज्ञात स्त्रोतों से अधिक नकदी बरामद की और अपराध में इस्तेमाल 600 करोड़ रुपये के लेनदेन का पता लगाया है। उसने कहा कि प्रसाद के परिवार और उनके सहयोगियों की तरफ से रियल एस्टेट समेत विभिन्न क्षेत्रों में किए गए और निवेश का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है एजेंसी ने कहा कि प्रसाद के परिवार और उनके सहयोगियों की ओर से विभिन्न स्थानों पर रियल एस्टेट सहित विभिन्न क्षेत्रों में किए गए निवेश का पता लगाने के लिए जांच की जा रही है। कथित घोटाला उस समय हुआ जब प्रसाद केंद्र की संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन-1 नीत सरकार में रेल मंत्री थे। आरोप है कि 2004-09 की अवधि के दौरान भारतीय रेलवे के विभिन्न क्षेत्रों में समूह डी पदों पर विभिन्न व्यक्तियों को नियुक्त किया गया था और इसके बदले में संबंधित व्यक्तियों ने तत्कालीन रेल मंत्री प्रसाद के परिवार के सदस्यों को और इस मामले में लाभार्थी कंपनी एके इंफोसिस्टम्स प्राइवेट लिमिटेड को अपनी जमीन हस्तांतरित की थी।सीबीआई का आरोप है कि नियुक्ति के लिए कोई विज्ञापन या सार्वजनिक नोटिस जारी नहीं किया गया था, लेकिन पटना के कुछ निवासियों को मुंबई, जबलपुर, कोलकाता, जयपुर और हाजीपुर में जोनल रेलवे में स्थानापन्न के रूप में नियुक्त किया गया था।

# नासा ने अंतरिक्ष से खींची पृथ्वी की अद्भूत तस्वीर

## रात में चमकते भारत को देख कर होगा गर्व

एजेंसी

**वॉशिंगटन।** नेशनल एयरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन यानी नासा ने पृथ्वी की एक तस्वीर शेयर की है। यह तस्वीर पुरानी है, लेकिन इंटरनेट पर इसने तहलका मचा दिया है। यह साल 2016 में खींची गई थी। यह तस्वीर पृथ्वी के आसमान में रात के नजारे की है। इसमें दिखता है कि आखिर इंसानों ने ग्रह को कैसे आकार दिया है। नासा ने इस तस्वीर में बताया कि यह एक विशेष कंपोस्टिंग टेक्निक से खींची गई है, जो हर महीने एक ऐसी रात को चुनती है जब आसमान में बादल कम हों। नासा के मुताबिक इसके जरिए पृथ्वी की एक बेहतरीन छवि तो मिलती ही है, साथ ही साथ इंसानी पैटर्न के बीच समय-समय पर आसानी से तुलना भी हो जाती है।




नासा की इस तस्वीर को देख कर ऐसा लग रहा है, जैसे अरबों तारे पृथ्वी के ऊपर टिमटिमा रहे हैं। इस तस्वीर में अफ्रीका एकदम केंद्र में है। वहीं भारत भी दिख रहा है। इस तस्वीर को देखने के बाद भारतीय यूजर्स ने कमेंट की बारिश कर दी। लोगों ने कहा कि इस तस्वीर में भारत सबसे चमकदार दिख रहा है। नासा ने इस तस्वीर के बारे में एक लंबे कैप्शन के जरिए जानकारी दी। अमेरिकी एजेंसी ने कैप्शन की शुरूआत में लिखा चमकता, झिलमिलाता, शानदार। रात में पृथ्वी की यह छवि हमारे ग्रह पर मानव बस्तियों के पैटर्न का एक स्पष्ट दृश्य प्रदान करती हैं।' नासा ने पूर्व पृथ्वी वैज्ञानिक मिगुएल रोमन का हवाला देते हुए कहा कि इस तरह के डेटा से अल्पकालिक परिवर्तनों की निगरानी की जा सकती है। इससे हमें बिजली की गड़बड़ी और त्योहारों के मौके पर लगाई जाने वाली लाइटों से जुड़ी जानकारी मिल सकती है। इस तस्वीर पर भारतीय यूजर्स ने कई तरह के कमेंट किए। कुछ ने लिखा कि भारत सबसे ज्याद चमकदार दिख रहा है। वहीं एक अन्य यूजर ने लिखा कि भारत यूरोप और उत्तरी अमेरिका से भी ज्यादा चमक रहा है। एक यूजर ने लिखा सारे जहां से अच्छा हिंदुस्तान हमारा। अभी तक इस फोटो को लगभग 13 लाख से ज्यादा लोगों ने लाइक किया है।

# 36 उपग्रहों का प्रक्षेपण आज, उलटी गिनती शुरू




सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में दूसरे लॉन्च पैड से सुबह नौ बजे 43.5 मीटर लंबे रॉकेट से इन उपग्रहों को किया जाएगा प्रक्षेपित

एजेंसी

**श्रीहरिकोटा (आंध्र प्रदेश)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने शनिवार को कहा कि ब्रिटेन स्थित संचार कंपनी वनवेब के लिए पृथ्वी की निचली कक्षा में 36 उपग्रहों को प्रक्षेपित करने के वास्ते उल्टी गिनती शुरू हो गयी है। ब्रिटेन की नेटवर्क एक्सेस एसोसिएट्स लिमिटेड (वनवेब ग्रुप कंपनी) ने पृथ्वी की निचली कक्षा में 72 उपग्रहों को प्रक्षेपित करने के लिए इसरो की वाणिज्यिक शाखा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड से एक करार किया है। वनवेब ग्रुप कंपनी के लिए पहले 36 उपग्रह 23 अक्टूबर 2022 को प्रक्षेपित किए गए थे। इसरो ने शनिवार को एक अधिसूचना में कहा कि एलवीएम-एम3/वनवेब इंडिया-2 मिशन। उल्टी गिनती शुरू हो गयी है। वनवेब के अनुसार, रविवार का प्रक्षेपण 18वां और इस साल का तीसरा प्रक्षेपण होगा तथा इससे पृथ्वी की निचली कक्षा में उपग्रहों के समूह की पहली पीढ़ी पूरी हो जाएगी। इसरो के लिए 2023 का यह दूसरा प्रक्षेपण होगा। वनवेब ने कहा कि 17 प्रक्षेपण पूरे हो गए हैं। एक अहम प्रक्षेपण बचा है। इस सप्ताहांत इसरो तथा न्यूस्पेस इंडिया लिमिटेड में अपने सहकर्मियों के साथ 36 और उपग्रहों को प्रक्षेपित करने के साथ पृथ्वी की कक्षा में स्थापित हमारे उपग्रहों की संख्या 616 हो जाएगी जो इस साल वैश्विक सेवाएं शुरू करने के लिए पर्याप्त है। चेन्नई से करीब 135 किलोमीटर दूर सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र में दूसरे लॉन्च पैड से 26 मार्च को सुबह नौ बजे 43.5 मीटर लंबे रॉकेट से इन उपग्रहों को प्रक्षेपित किया जाएगा।

## कानूनी पेशे में महिलाओं को मिले समान अवसर : सीजेआइ

**मदुरै(तमिलनाडु)।** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) डी.वाई.चंद्रचूड़ ने शनिवार को कानूनी पेशे में निम्न महिला-पुरुष अनुपात को रेखांकित करने हुए महिलाओं के लिए समान अवसर सुनिश्चित करने का आह्वान किया। उन्होंने जोर देकर कहा कि युवा, प्रतिभाशाली महिला वकीलों की कोई कमी नहीं है। प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि चेम्बर्स महिलाओं को नियुक्त करने को लेकर सशंकित रहते हैं और धारणा बनाकर चलते हैं कि उनकी पारिवारिक जिम्मेदारियां उनके पेशे के रास्ते में रुकावट के तौर पर सामने आएंगी। कानूनी पेशे में महिला-पुरुष के निम्न अनुपात को रेखांकित करते हुए न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि आंकड़े बताते हैं कि तमिलनाडु में 50 हजार पुरुष पंजीकृत है जबकि महिलाओं के पंजीकरण की संख्या महज पांच हजार है। कानूनी पेशा महिलाओं को समान अवसर देने वाला पेशा नहीं है और यही स्थिति पूरे देश में हैं।सीजेआई ने कहा कि दौर बदल रहा है। हाल में जिला अदालतों में न्यायिक अधिकारियों की हुई भर्ती में करीब 50 प्रतिशत महिलाएं थीं, लेकिन हमें महिलाओं के लिए समान अवसर बनाने की जरूरत है ताकि वे इस रास्ते से इसलिए नहीं हटें क्योंकि जीवन में प्रगति करने के लिए उन्हें कई गुना जिम्मेदारियां उठानी पड़ती हैं। गौरतलब है कि न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ जिला अदालत परिसर में अतिरिक्त अदालत इमारत की आधारशिला रखने और जिला एवं सत्र न्यायालय के साथ-साथ मयिलादुथुराई में मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अदालत के उद्घाटन के लिए आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। इस कार्यक्रम में केंद्रीय कानून मंत्री किरेन रीजीजू और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने भी हिस्सा लिया।



## पाकिस्तान में मुफ्त आटा लेने के दौरान चार वृद्धों की मौत

**लाहौर।** पाकिस्तान के पंजाब प्रांत में पिछले कुछ दिनों में सरकारी वितरण केंद्रों से मुफ्त आटा लेने की कोशिश के दौरान कम से कम चार बुजुर्गों की मौत हो गई। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। आसमान छूती महंगाई से निपटने के लिए विशेष रूप से पंजाब प्रांत में गरीबों के लिए मुफ्त आटा योजना शुरू की गई थी। इसका लाभ उठाने के लिए सरकारी वितरण केंद्रों पर भीड़ उमड़ पड़ी और कई लोगों की मौत हो गई। पंजाब सरकार के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि मुल्तान, मुजफ्फरगढ़ और फैसलाबाद में पिछले कुछ दिनों में मुफ्त गेहूं का आटा लेने के प्रयास में चार बुजुर्गों की मौत हो गई ।




## मनी लांड्रिंग मामले में सिसोदिया की बेल पर फैसला 5 अप्रैल को

**नयी दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन के एक मामले में आम आदमी पार्टी (आप) के नेता मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका पर सुनवाई पांच अप्रैल तक स्थगित कर दी। सिसोदिया को इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय ने गिरफ्तार किया है। ईडी ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री सिसोदिया को नौ मार्च को तिहाड़ जेल से गिरफ्तार किया था जहां वह सीबीआई के एक अन्य मामले के संबंध में बंद हैं।

## लाहौर हाईकोर्ट ने इमरान को राहत

**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री एवं पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के अध्यक्ष इमरान खान की सुरक्षात्मक (प्रोटेक्टिव) जमानत की अवधि तीन दिन और बढ़ाकर 27 मार्च तक कर दी गयी है। इमरान को लाहौर हाइकोर्ट (एलएचसी) में व्यक्तिगत हाजिरी देने के बाद, इस्लामाबाद में दर्ज पांच मामलों में पेश होने के लिए सुरक्षात्मक जमानत मंजूर की गयी है। इससे पहले शुक्रवार को दिन में इस्लामाबाद हाई कोर्ट ने तोशखाना मामले में उनके गिरफ्तारी वारंट को सस्पेंड कर दिया था।

## दिल्ली में बिहार का अपराधी गिरफ्तार

**नयी दिल्ली।** बिहार में हुई डकैती के मामले में वांछित 24 वर्षीय एक आरोपी को दक्षिण दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि आरोपी की पहचान गोपालगंज जिला निवासी कृष्णा यादव के तौर पर की गई है। दिल्ली के पुलिस उपायुक्त आलोक कुमार ने बताया कि शुक्रवार को घिटोरनी गांव के पास एमजी रोड पर जाल बिछाया गया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने यादव को घेरने के बाद आत्मसमर्पण करने को कहा लेकिन उसने पिस्तौल निकालकर गोली चलाने की कोशिश की,जिसके बाद पुलिस कर्मियों ने उसे दबोच लिया।

## वेंकटचारी श्रीकांत बने रिलायंस के सीएफओ

**मुंबई।** रिलायंस इंडस्ट्रीज के नेतृत्व वाली रिलायंस इंडस्ट्रीज में प्रबंधन के स्तर पर अहम बदलाव किए गए हैं। कंपनी ने वेंकटचारी श्रीकांत को मुख्य वित्तीय अधिकारी (सीएफओ ) नियुक्त किया है। उनकी नियुक्ति एक जून 2023 से प्रभावी होगी। वे कंपनी के वर्तमान सीएफओ आलोक अग्रवाल की जगह लेंगे। 1 जून 2023 से आलोक अग्रवाल रिलायंस इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के वरिष्ठ सलाहकार की भूमिका निभाएंगे। आलोक अग्रवाल ने रिलायंस इंडस्ट्रीज के साथ 30 साल पूरे कर लिए हैं। उन्हें साल 2005 में कंपनी का सीएफओ नियुक्त किया गया था। वहीं, वेंकटचारी श्रीकांत 14 साल से कंपनी से जुड़े हुए हैं।

## जियो ने 5 जी के लिए एक लाख टावर लगाए


**नयी दिल्ली।** देश की अग्रणी दूरसंचार कंपनी रिलायंस जियो ने अत्यधिक तीव्र गति वाली इंटरनेट सेवा देने के लिए सबसे तेज और व्यापक 5जी दूरसंचार नेटवर्क खड़ा करने के मकसद से देश भर में करीब एक लाख दूरसंचार टावर लगाए हैं। दूरसंचार विभाग के आंकड़ों के अनुसार, दूरसंचार टावर लगाने के मामले में जियो दूसरे स्थान पर मौजूद कंपनी से लगभग पांच गुना आगे है।

## जैकलीन के खिलाफ 22 मई को सुनवाई

**नई दिल्ली।** दिल्ली की एक अदालत ने शनिवार को जैकलीन फनार्डीज के खिलाफ एक्ट्रेस नोरा फतेही की उस याचिका को 22 मई तक के लिए स्थगित कर दिया, जिसमें आरोप लगाया गया था कि जैकलीन ने उनके खिलाफ दुर्भावनापूर्ण कारणों से मानहानि के आरोप लगाए और 200 करोड़ रुपये की जबरन वसूली के मामले में उनके करियर को बर्बाद कर दिया है।

# ठग चंद्रशेखर ने जैकलीन से प्रेम का किया इजहार

**नयी दिल्ली।** मनी लॉन्ड्रिंग के एक मामले में दिल्ली के मंडोली जेल में बंद ठग सुकेश चंद्रशेखर ने शनिवार को बॉलीवुड अभिनेत्री जैकलीन फर्नांडीज को अपने जन्मदिन पर पत्र लिखा। अपने हस्तलिखित पत्र में सुकेश ने अभिनेत्री को माई बेबी जैकलीन के रूप में संबोधित करते हुए, लिखा वह उसे इस दिन बहुत याद करता है और कहा कि वह जानता है कि उसके लिए उसका प्यार कभी खत्म नहीं होगा। उसने लिखा, मेरी बोम्मा (गुड़िया), मैं अपने जन्मदिन के इस दिन आपको बहुत याद करता हूं, मुझे आपकी ऊर्जा याद आती है, मेरे पास कोई शब्द



नहीं है, लेकिन मुझे पता है कि मेरे लिए आपका प्यार कभी खत्म नहीं होगा, मेरे ऊपर है। उन्होंने कहा कि उनके लिए जो मायने रखता है वह उनके दिल में है, जो उन्होंने कहा कि वह सुंदर है और उन्हें सबूत की जरूरत नहीं है। उसने लिखा, लेकिन मुझे स्वीकार करना चाहिए, मैं तुम्हें याद कर रहा हूं, तुम्हें पता है कि मैं तुमसे कितना प्यार करता हूँ, मेरी बोटा बोम्मा। चंद्रशेखर ने कहा कि जैकलीन और उनका प्यार सर्वश्रेष्ठ उपहार है, जो उनके जीवन में अनमोल है। उसने कहा, आप जानते हैं कि मैं यहां आपके साथ खड़ा हूं, चाहे कुछ भी हो जाए, लव यू माय बेबी, मुझे अपना दिल देने के लिए शुक्रिया। उसने अपने सभी समर्थकों और दोस्तों को उसके जन्मदिन पर बधाई देने के लिए धन्यवाद देते हुए पत्र समाप्त किया। उन्होंने लिखा, मुझे सैकड़ों पत्र मिले हैं, शुभकामनाएं। मैं धन्य महसूस कर रहा हूं, धन्यवाद।

## कार्तिक आर्यन के फैन हुए धर्मेंद्र

**नयी दिल्ली।** बॉलीवुड फिल्म अभिनेता कार्तिक आर्यन इस समय भारतीय सिनेमा के सबसे बड़े सुपरस्टारों में से एक हैं। हाल ही में बॉलीवुड हीमैन धर्मेंद्र ने कार्तिक जमकर तारीफ की और उन्होंने अपने आप को कार्तिक का फैन बताया। दर्शकों के बीच अभिनेता कार्तिक की बड़ी फैन फॉलोइंग है, लेकिन फिल्म बिरादरी के बीच भी उन्हें उतना ही प्यार और सराहना मिलती है। हाल ही में धर्मेंद्र ने कार्तिक की ईमानदारी और मासूमियत की तारीफ की थी। धर्मेंद्र ने कहा कि वास्तविक जीवन के



किरदारों की तुलना में लार्जर दैन लाइफ किरदार निभाना कहीं ज्यादा आसान है। वह एक मेहनती, ईमानदार युवक है। उसका चेहरा मासूम है और अपनी कला के प्रति उसकी ईमानदारी पूरी तरह से दिखाई देती है। मेरे प्रशंसक भी मुझे उसी गुणों के लिए पसंद करते हैं।

